Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 249 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

जिन्हें सुंदर वार्तालाप नहीं आता, वही सबसे अधिक बोलता है।

Who doesnt know healthy conversation, only they speak much.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

बीजेपी ने जारी की 7वीं लिस्ट, नवनीत राणा को अमरावती से बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी की। इसमें अमरावती से नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। नवनीत राणा अमरावती से निर्दलीय सांसद हैं। सनातन विचारधारा और उद्धव ठाकरे के खिलाफ बयानबाजी को लेकर नवनीत चर्चाओं में रहीं। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ को लेकर हुए विवाद में नवनीत और उनके पति रवि राणा को जेल भी जाना पड़ा था। इसके अलावा कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गोविंद कजरोल को टिकट दिया गया है।

भारत-चीन सीमा पर सुधरेंगे हालात, दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने समाधान के लिए की चर्चा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीमा विवाद के समाधान के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए गठित कार्य तंत्र की 29वीं बैठक बीजिंग में हुई। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने किया, और चीन का प्रतिनिधित्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक ने किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, बुधवार की हुई बैठक में दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के समाधान समेत शेष मुद्दों को हल करने के बारे में विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री ने डौंडीलोहारा में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

भाजपा की सरकार में आदिवासियों को असली हक और पूरा सम्मान मिल रहा : विष्णुदेव साय

डौंडीलोहारा (विसं)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के डौंडीलोहारा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मोदी और भाजपा की सरकार में आदिवासियों को उनका असली हक और पूरा सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि मोदी जी ने 10 साल में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। मोदी सरकार सदैव गरीबों के लिए समर्पित रही है। मुख्यमंत्री बोले कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका है इसलिए प्रभु राम हम सबके भांचा हैं. भव्य राम मंदिर के निर्माण से पूरे छत्तीसगढ़ वासी खुश हैं और गौरवान्वित हैं. मोदी जी ने पूरी दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ाया। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं.

महतारी वंदन योजना के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में हर महीने महतारियों को एक हजार रूपये देने का वादा था. जिसके अंतर्गत हमने प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहली किश्त जारी की. उन्होंने कहा मैं यहाँ की माताओं-बहनों को बता देना चाहता हूँ कि अब पहले सप्ताह में नहीं, पहली तारीख में ही महतारी वंदन योजना की राशि जारी कर देगी हमारी सरकार।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर एक बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि 5 साल में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाले की सारी हदें पार कर दी थी. शराब घोटाला किया, जिसके दो काउंटर थे. एक काउंटर का पैसा कांग्रेस सरकार के खाते में और दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया-राहुल के खाते में जाता था. भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया था.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घेरते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महादेव सट्टा एप बंद न हो, चलता रहे इसके लिए भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा है. जिस पर एफआईआर भी दर्ज हुई है. ये छत्तीसगढ़ के लिए कितनी शर्म की बात है. कांग्रेस सरकार ने महादेव सट्टा एप से प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर दिया।

फिर लगा भाजपा प्रवेश के लिए कांग्रेसियों का मेला

आज की विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कांग्रेसियों के भाजपा प्रवेश से बेहद उत्साहित दिखे। डौंडीलोहारा क्षेत्र के 30 सरपंचों के साथ हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के भाजपा प्रवेश पर मुख्यमंत्री ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है। यहाँ तक कांग्रेस पार्टी को प्रत्याशी भी नहीं मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अपने तूफानी चुनावी सभाओं के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अब तक 3 हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाजपा प्रवेश किया है. अभी कल ही जगदलपुर की शहर सरकार में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहाँ कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू अपने एमआईसी सदस्यों के साथ भाजपा प्रवेश कर गईं और यहाँ नगरीय निकाय में भाजपा का परचम लहराने लगा.

अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार मोदी सरकार, रक्षा मंत्री ने दिए संकेत

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। एक मीडिया हाउस के समिट में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने आगे कहा,रक्षा बलों में युवावस्था आवश्यक है। सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं। वे अधिक तकनीक-प्रेमी हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित है। जरूरत पड़ी तो हम इस स्कीम में बदलाव भी करेंगे। जमीन पर कब्जा करने के विपक्ष के दावे पर सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं, रक्षा मंत्री ने कहा, हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारा देश और इसकी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं।

अब मनरेगा में मिलेगी ज्यादा मजदूरी, केंद्र ने जारी किया नोटिफिकेशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में संशोधन को लेकर लेटेस्ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। देशभर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को अब पहले के मुकाबले प्रतिदिन के हिसाब से ज्यादा मजदूरी मिलेगी। सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में 3 से 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया है। पूरे भारत में औसत मनरेगा मजदूरी बढ़ोतरी 28 रुपये प्रति दिन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत वेतन 289 रुपये होगा जबकि वित्त वर्ष 23-24 के लिए 261 रुपये है।

आपको बता दें, मनरेगा योजना का संचालन करने वाले ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हाल ही में संशोधित मजदूरी दरों को नोटिफाई करने के लिए चुनाव आयोग की अनुमति हासिल की थी, क्योंकि आगामी आम चुनावों के लिए देश भर में आदर्श आचार संहिता पहले से ही लागू है। मौजूदा समय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की मजदूरी सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- कृषि श्रम) में बदलाव के आधार पर तय की जाती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति को दर्शाती है।

सरकार के इस नोटिफिकेशन से पता चलता है कि हरियाणा में प्रतिदिन अधिकतम 374 रुपये मजदूरी मिलेगी। सबसे कम अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के लिए 234 रुपये प्रतिदिन तय किया गया है। गोवा (10.56 प्रतिशत) और कर्नाटक (10.4 प्रतिशत) में सबसे अधिक प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मजदूरी दरों में सिर्फ 3 प्रतिशत की सबसे कम बढ़ोतरी की गई है। आंध्र प्रदेश (10.29 प्रतिशत), तेलंगाना (10.29 प्रतिशत) और छत्तीसगढ़ (9.95 प्रतिशत) में जोरदार प्रतिशत वृद्धि हुई है। केंद्र ने केंद्रीय बजट 2024-25 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ रुपये अलॉट किए थे। यह चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के संशोधित अनुमान के बराबर था।

अरविंद केजरीवाल एक अप्रैल तक रहेंगे ईडी की रिमांड पर

नई दिल्ली (आरएनएस)। कथित शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज कोर्ट से झटका लगा है। केजरीवाल 1 अप्रैल तक प्रवर्तन निदेशालय के रिमांड पर रहेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बार फिर उनकी रिमांड की अवधि को बढ़ा दिया है। ईडी ने केजरीवाल की कस्टडी सात दिन के लिए बढ़ाने की मांग की थी। ईडी ने रिमांड मांगते हुए कहा कि मोबाइल फोन से डेटा निकाला गया है और उसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल के परिसर में तलाशी के दौरान जब्त किए गए अन्य चार डिजिटल उपकरणों का डेटा अभी तक नहीं निकाला जा सका है। श्वष्ठ ने कोर्ट से केजरीवाल की 7 दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था।

कोर्ट में सुनवाई दोपहर 1.59 बजे शुरू होकर दोपहर 2.39 बजे खत्म हुई। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। 4 स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर होगा चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरूवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

केंद्र सरकार की सख्ती : नगालैंड में 6 महीने के लिए बढ़ाया AFSPA- आठ जिलों को अशांत घोषित किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने नगालैंड के 8 जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों को अशांत घोषित कर दिया है। इसी के साथ केंद्र सरकार ने इन सभी जगहों पर अगले 6 महीने के लिए AFSPA को बढ़ा दिया है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद ये फैसला लिया गया है।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक अधिसूचना के माध्यम से घोषणा की। जिसमें कहा गया कि नगालैंड के दीमापुर, न्यूलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों में AFSPA को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, AFSPA को नगालैंड के पांच जिलों में 21 पुलिस स्टेशनों, जुन्हेबोटो और मोकोकचुंग जिलों में छह-छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में बढ़ा दिया गया है; कोहिमा में पांच पुलिस स्टेशन; वोखा में तीन पुलिस स्टेशन और लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

21 पुलिस स्टेशन भी हैं शामिल : इन 21 पुलिस स्टेशनों में कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा दक्षिण, जुब्ज़ा और केज़ोचा पुलिस स्टेशन शामिल हैं; मोकोकचुंग जिले में मंगकोलेम्बा, मोकोकचुंग-I, लोंगथो, तुली, लोंगकेम और अनाकी 'सी' पुलिस स्टेशन; लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन; वोखा जिले में भंडारी, चंपांग और रालन पुलिस स्टेशन और जुन्हेबोटो जिले में घटाशी, पुघोबोटो, सताखा, सुरुहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

अधिसूचना में कहा गया, नगालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिले और नगालैंड के क्षेत्र i) कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा दक्षिण, जुब्ज़ा और केज़ोचा पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं; ii) मोकोकचुंग जिले में मंगकोलेम्बा, मोकोकचुंग-I, लोंगथो, तुली, लोंगकेम और अनाकी 'सी' पुलिस स्टेशन; iii) लॉन्गलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन; iv) वोखा जिले में भंडारी, चंपांग और रालन पुलिस स्टेशन; और v) घटाशी, पुघोबोटो, जुन्हेबोटो जिले के सताखा, सुरुहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस स्टेशनों को 1 अप्रैल, 2023 से छह महीने की अवधि के लिए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाता है। केंद्र ने नगालैंड राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की आगे की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया। इससे पहले, केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगालैंड राज्य के पांच अन्य जिलों में आठ जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों को 1 अक्टूबर, 2023 से छह महीने की अवधि के लिए 'अशांत' घोषित किया था।

भाजपा ने प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नबीन को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। सभी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। इसी बीच भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बीजेपी ने 13 राज्यों के प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति की है। जिसमें नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

इससे पहले नितिन नबीन छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी थे। नितिन नबीन से पहले प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी ओम प्रकाश माथुर के हाथों में थी। लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए भाजपा ने प्रदेश प्रभारियों की नई नियुक्ति की है। जिसमें छत्तीसगढ़ का कमान संभालने नितिन नबीन को मौका दिया गया है।

अपनी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ता : किरण सिंहदेव

रायपुर (विश्व परिवार)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव गुरुवार को बस्तर दौरे से वापस रायपुर लौटे. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए किरण सिंहदेव ने कहा कल प्रथम चरण का नामांकन हुआ. इस दौरान बस्तर लोकसभा के सभी कार्यकर्ता और संभाग के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे. अच्छा वातावरण है. जनता के बीच जाने का सिलसिला जारी है.

बस्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में प्रवेश करने को लेकर किरण सिंहदेव ने कहा कि पूरे प्रदेश का यही वातावरण है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में घुटन सी हो रही है. कांग्रेस पार्टी में न कोई नियम है न कुछ है. कल करीब 2 हजार की संख्या में लोगों ने भाजपा ने प्रवेश किया है. कांग्रेस के प्रतिशोध वाले बयान पर किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रतिशोध की राजनीति कैसे की जाती है कांग्रेस ने 5 साल में दिखाया है. बीजेपी का संघठन और सरकार दोनों हमेशा जानता के बीच में रहते हैं. कांग्रेस के पीडीएस वाले बयान पर उन्होंने कहा कि पीडीएस को लेकर कांग्रेस का क्या कमाल है. हमारी सरकार ने यह संचालित किया था. कांग्रेस ने किया ही क्या है. वादे किए हैं जो पूरे नहीं किए. जानता ने 5 साल में नकार दिया.

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

चार स्थलों पर एक साथ 03 वाहनों की चार्जिंग की सुविधा, शहर में 10 नये चार्जिंग स्टेशन की भी तैयारी

रायपुर (विश्व परिवार)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के चार स्थलों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की गई है। कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित स्टेशन का आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निरीक्षण कर विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। इन इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन से चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को राह चलते चार्ज करना आसान है एवं इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। मल्टीलेवल पार्किंग में तीन चार्जिंग प्वाइंट होने से न्यूनतम दर पर एक ही समय में एक साथ 03 वाहनों की चार्जिंग की सुविधा मिल रही है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में किफायती व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा रायपुर शहर के 04 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए है।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचकर नागरिकों को मिल रही सुविधा का विस्तार से जायजा लिया। चार्जिंग स्टेशन में एक साथ 03 चार पहिया वाहनों के चार्जिंग की सुविधा है, जहां पर 45 मिनट से भी कम समय में वाहन की फुल चार्जिंग की व्यवस्था है। ज्ञात हो इन चार्जिंग स्टेशन की कैपेसिटी 142 (606042) किलोवाट है। सभी फास्ट एवं एसी चार्जर है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग, आई.एस.बी.टी. परिसर एवं नगर निगम मुख्यालय में भी इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन संचालित है। सभी स्टेशनों पर 3 गन वाले चार्जर स्थापित किए गए हैं। चार्जिंग स्टेशन पर वाहन मालिक से प्रति यूनिट 18 रुपए का शुल्क निर्धारित है।

निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि रायपुर नगर निगम द्वारा इंडियन आयल कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर शहर में चार्जिंग स्टेशन के 10 नये चार्जिंग नेटवर्क की तैयारी भी की जा चुकी है, जिसके तहत सुभाष स्टेडियम, रायपुर स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, जवाहर बाजार पार्किंग परिसर, लक्ष्मी कपड़ा मार्केट पंडरी, सेंट्रल लाईब्रेरी के पास, जोन 10 कार्यालय, एलआईसी हाउसिंग शंकर नगर, अनुपम नगर गार्डन, गांधी उद्यान पार्किंग और आमानाका के पास चार्जिंग स्टेशन तैयार हो रहे हैं, जिसकी सुविधा भी इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को शीघ्र मिलेगी।

जागरूक मतदाता स्वास्थ्य चुनाव की नीव, मतदान प्रतिशत बढ़ाना अहम लक्ष्य : बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल ने खोपरा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया

रायपुर (विसं)। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से बृजमोहन अग्रवाल सक्रिय हो चुके हैं और विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली और अब उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की।

बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है, एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं। हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार और वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के खोरपा मंडल, अभनपुर मंडल, चम्पारण मंडल और नवापारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनावी रणनीति के संबंध में उनसे चर्चा की।

बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के समय तेज गर्मी में लोग घर से निकलने में डरेंगे ऐसे में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। कार्यकर्ताओं को लोगों को समझना होगा कि एक दिन कुछ देर की गर्मी सहन करके वो एक नए भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इसलिए सभी को वोट जरूर देना चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत किया जाए और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों से मिलें और सशक्त भारत के लिए मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल के फूल को वोट दें। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को भाजपा के प्रति आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और सरकार के प्रति जागरूक रहें।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

ग्राम चिचोली के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के अध्ययनरत बच्चों के बीच पहुंचे कलेक्टर और एसएसपी

रायपुर (विश्व परिवार)। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी प्रफुल्लित हो उठे जब कलेक्टर एवं एसएसपी को उनके बीच पहुंचे शिक्षक की भूमिका में। कलेक्टर एवं एसएसपी, खरोरा तहसील के ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में गये थे। तभी उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को पढ़ाई करते देख वे कक्षा में उनके बीच पहुंचे, पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, सहीं जवाब देने पर सराहना भी की। कलेक्टर को बच्चों ने दिनों के नाम, माह का नाम ब्लॉक, ज़िला के अलावा देश प्रदेश के नाम हिन्दी और अंग्रेज़ी में बताये। उन्होंने कक्षा आठवीं के छात्रों से पूछा कि गोलाई और वृत्त में क्या अंतर है। कलेक्टर ने इस संबंध में उन्हें जानकारी भी दी। एसएसपी श्री सिंह ने पूछा कि ग्लोब गोलाई हैं या वृत्त बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया। इस पर एसएसपी ने उनकी सराहना की।

दुर्ग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से की मुलाकात

दुर्ग (आरएनएस)। प्रेस क्लब दुर्ग के पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से गुरूवार को सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्लब की ओर से उन्हें होली की बधाई दी गई, साथ ही विभिन्न मुद्दों पर पत्रकारों ने कलेक्टर से चर्चा की। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई। विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में शांति व्यवस्था के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित कर पुलिस द्वारा भी मानिटरिंग की जा रही है, वहीं ओलावृष्टि एवं बारिश से फसल क्षति को लेकर उन्होंने कहा कि कई किसानों के फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। जिसका सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। वहीं इंदिरा मार्केट क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था की समस्या पर कहा कि उक्त समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन पहले से ही कवायद कर रही है। शहर की सफाई व्यवस्था के प्रश्न पर कलेक्टर ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रशासन लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियों में जुटा हुआ है। चर्चा के दौरान दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, संरक्षक राजेन्द्र ठाकुर, देवीलाल साहू, संतोष मिश्रा, रोमशंकर यादव आदि मौजूद थे।

कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के दिए निर्देश

ईवीएम वेयर हाउस सहित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी किया अवलोकन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव के तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर ही कार्य करने के निर्देश दिए है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के एल चौहान ने स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए लोकसभा सह विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर एसपी ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस सहित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, पीडब्ल्यूडी ईई श्री वर्मा, सब इंजीनियर विभाकर जोशी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अवकाश दिवस में खुले रहेंगे जिले के सभी पंजीयन कार्यालय

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। जिले के सभी पंजीयन कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत एन.जी.डी.आर.एस. प्रणाली से पंजीयन कार्य हो रहा है। इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में दिनांक 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है। किन्तु अचल संपत्ति के खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा का सामना नही करना पड़े इसके लिए जिले के सभी पंजीयन कार्यालय वर्षान्त के अवकाश दिवसों 29 से 31 मार्च में भी खुले रहेंगे। पंजीयन के लिए पक्षकारों को स्टाम्प प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए ई-स्टाम्प काउंटर भी अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

मार्च माह में 16 मार्च के उपरान्त सभी शनिवार एवं रविवार को भी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन कार्य होने से पक्षकारों को सुविधा हुई है। मार्च माह में प्रतिवर्ष सर्वाधिक दस्तावेजों का पंजीयन होता है। आम दिनों की अपेक्षा प्रतिदिन लगभग दो से तीन गुना दस्तावेज पंजीयन के लिए प्रस्तुत होते है, इसे ध्यान में रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह में प्रतिदिन निर्धारित अपाईन्टमेंट की सीमा में भी वृद्धि करते हुए प्रात: 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपाईन्टमेंट की सुविधा प्रदान की गई है। सामान्य दिवस में 5 बजे तक का ही अपाईन्टमेंट होता है। अवकाश दिवस में पंजीयन कार्य होने से वित्तीय वर्ष में ही पंजीयन कराने के इच्छुक पक्षकारों को सुविधा होने के साथ ही विभाग को प्राप्त होने वाले राजस्व में भी वृद्धि होगी।

लोकसभा चुनाव-2024 : कलेक्टर, एसएसपी ने धरसींवा, बलौदाबाजार विधानसभा का किया दौरा

स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्र का किया अवलोकन

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी श्री संतोष सिंह ने आज धरसींवा विधानसभा के धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा के सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम और धरसींवा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से पानी, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने बलौदा-बाजार विधानसभा के रायपुर जिले में आने वाले मतदान केन्द्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा संबंधी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार श्रीमती ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ श्री विवके गोस्वामी उपस्थित थे।

डाकमत पत्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी की बैठक सम्पन्न

दुर्ग (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा एवं नोडल अधिकारी डाक मत पत्र श्री दशरथ सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आज निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने 7 विभागों से नियुक्त नोडल अधिकारियों को डाक मत पत्र के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी श्री सीबी साहू, रेलवे ट्रांसपोर्ट सेवा, जनसंपर्क कार्यालय, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट ऑफिस, स्वास्थ्य विभाग डॉ. सीबीएस बंजारे एवं खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

खराबी कांग्रेस पार्टी में है EVM में नहीं : मंत्री टंकराम वर्मा

रायपुर (विसं)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव लड़वाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जब वे चुनाव जीते थे तब भी ईवीएम था.

ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमियों को समझें. इसके साथ ही नितीन नबीन को प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस के बलि का बकरा बनाए जाने के बयान पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहले ओम माथुर प्रभारी थे, उनके नेतृत्व में भाजपा को बहुमत मिला. बलि का बकरा बनाने वाली कोई बात ही नहीं है. नितिन नबीन को प्रमोट किया गया है. उनके नेतृत्व में हम 11 की 11 सीटे जीतेंगे.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव लड़वाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जमाना कहां से कहां पहुंच गया, देश दुनिया की खबरों को हम मोबाइल पर देख रहे हैं. खराबी ईवीएम में नहीं, उनकी पार्टी में है. 2018 में जब उनकी सरकार बनी तब भी तो ईवीएम ही था. दूसरे राज्यों में जब दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो वहां भी ईवीएम से ही चुनाव होते हैं. ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमजोरी, अपनी कमियों को समझें.

डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा बताया गया- परीक्षा से भय कैसे दूर करें

रायपुर (विश्व परिवार)। सिटीजन स्कूल बजरंग नगर आमापारा में परीक्षा से भय कैसे दूर करें इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड, मोस्ट इंस्पायरिंग वीमेन ऑफ़ इंडिया अवार्ड, शिक्षिका, न्यूट्रीशनिस्ट, समाजसेविका, हेल्थ काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं साहित्य क्षेत्र में कार्य करने वाले हमारे स्पीकर आदरणीय डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को कई प्रकार के टिप्स एवं प्रश्न उत्तर के माध्यम से मोटिवेट किया गया।

शुरुआत में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर श्रीमती गोपा शर्मा का स्वागत माला एवं श्रीफल से किया गया, इस अवसर पर डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा परीक्षा के भय को दूर करने के लिए परीक्षा हॉल जाने से पहले मन में उठने वाली तमाम बातें, स्ट्रगल के बारे में भी सरल माध्यम का प्रयोग कर हमें अपने मार्क्स को कैसे अधिक से अधिक ला सके इसमें चर्चा किया गया एवं विशेष रूप से पांच बातें बताई गई।

परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। जब आप अच्छी तरह से तैयार होते हैं तो आपको आत्मविश्वास महसूस होता है और डर कम होता है। एक अध्ययन योजना बनाएं और उसका पालन करें। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें। अपने शिक्षकों से सहायता ले यदि आपको किसी विवाद में कठिनाई हो रही हो। साथ ही स्कूल की शिक्षिकाओं को भी कैसे अच्छे से अच्छा बच्चों को परीक्षा के भय को दूर करने की नसीहत दी गयी।

इस अवसर पर शाला की उपप्रधान अध्यापिका श्रीमती नमिता सोनी, सीनियर शिक्षिका श्रीमती विजयलक्ष्मी शर्मा, शीला यादव, भावना कंडरा, अंजली यादव, लालिमा साहू, अदिति विश्वकर्मा, खुशबू शर्मा आदि सभी ने वर्कशाप में भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा एट्रोसिटी एक्ट के मामले में दोषमुक्त

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को एक बड़े मामले में जीत मिली है। डिप्टी सीएम शर्मा पर खाद्य अधिकारी ने जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाकर केस दर्ज किया है।

बता दें कि 2021 में तत्कालीन खाद्य अधिकारी अरूण मेश्राम ने विजय शर्मा और कैलाश चंद्रवंशी गरीबों का राशन कार्ड बनवाने गए थे। उसी दौरान खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम ने जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

विजय शर्मा और कैलाश चंद्रवंशी पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस ठोका गया था। जिसमें विजय शर्मा जेल भी गए थे. गुरुवार को जिला न्यायालय में फैसला सुनाया. जिसमें दोनों को दोषमुक्त किया गया है. जिला न्यायालय में अंतरिम सुनवाई के दौरान जिला सत्र न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने फैसला सुनाते हुए विजय शर्मा को दोषमुक्त करार दिया. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि तत्कालीन मंत्री मोहम्मद अकबर की शह पर हम पर फर्जी एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। आज सच सबके सामने आ गया है. उस दौरान मोहम्मद अकबर लोगों की आवाज दबाने के लिए फर्जी एक्ट लगवाकर कारवाई कराने का काम करते थे।

विजय शर्मा ने कहा कि हमने किसानों और गरीबों की आवाज उठाई थी. जिसके बदले एक अधिकारी के मार्फत फर्जी एट्रोसिटी एक्ट लगवाया गया. जबकि उस अधिकारी के पास राशन कार्ड की समस्याएं लेकर हम पहुंचे थे. जिसकी वीडियो भी हमारे पास उपलब्ध है. लेकिन आज हम इस मामले में दोषमुक्त हुए हैं. जिसके लिए सम्माननीय न्यायालय को धन्यवाद देता हूं।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पुर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- em-zone2@yahoo.com

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नालिखित हितग्राहियों को लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कॉलोनी का नाम
1	श्रीमति लक्ष्मी बाई निषाद	श्री राम चरण निषाद	स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यू.एस. क्रमांक-1236	अटल विहार योजना गोबरा नवापारा रायपुर
2	श्री कृष्ण कुमार तिवारी	स्व. श्री नागेश्वर तिवारी	स्वतंत्र भवन एल.आई.जी. क्रमांक-362	दीनदयाल आवास योजना गातापार अभनपुर रायपुर
3	श्रीमति संध्या नागराज	श्री शेष कुमार नागराज	भवन एल.आई.जी.-38	दीनदयाल आवास योजना गातापार अभनपुर रायपुर
4	श्रीमति देहुति कोठारी	श्री कमलेश कोठारी	भवन एल.आई.जी.-126	दीनदयाल आवास योजना गातापार अभनपुर रायपुर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

कमजोर एवं बेसहारा परिवार को राशन किट वितरण

रायपुर (विश्व परिवार)। आइडियल रिलीफ ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वधान में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी रमज़ान के मुबारक महीने में आज दिनांक 26/3/24 मंगलवार को बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टावर में रमज़ान राशन किट (1 माह का राशन) समाज के कमजोर एवं बेसहारा परिवार में वितरित किया गया जिसमें शहर के विभिन्न मोहल्ले से समाज लगभग 425 कमजोर एवं बेसहारा परिवार लाभान्वित हुये जिसमें नहरपारा, नयापारा, मौदहापारा, राजातालाब, नेहरू नगर, संजयनगर, सन्तोषीनगर, मोतीनगर, भटागांव, कांशीराम नगर, पंडरी, मोवा, सद्दू, बैरन बाज़ार, छोटापरा, बैजनाथपारा, कुकरी पारा, हीरापुर, इत्यादि क्षेत्र से परिवारों को इस प्रोजेक्ट के तहत शामिल किया गया। इस प्रोजेक्ट के तहत आइडियल रिलीव ट्रस्ट का राशन देने का मकसद जो गरीब परिवार रोज कमाने और खाने वाले होते हैं दिन भर कमाने की वजह से रमज़ान में ईश्वर अल्लाह की इबादत नहीं कर पाते तो संस्था उन्हें 1 महीने का राशन देती है ताकि वह इस मुबारक महीने में दिन भर में से कुछ वक्त निकालकर अल्लाह की इबादत करें, संस्था के वॉलिंटियर द्वारा सर्वे करके जरूरतमंद परिवारों को चुना जाता है।

कार्यक्रम में आइडियल रिलीफ ट्रस्ट के प्रदेश सेक्रेटरी जनाब शफीक अहमद साहब ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही उन्होंने किट लेने आए लोगो से अपील की अपना वक्त को इबादत में लगाए एवं अपने बच्चों को बुराइयों और नशे की चीजों से बचा कर रखें।

इस कार्यक्रम में जनाब फैसल रिज़वी साहब, कुकरी पारा मस्जिद के मुतवल्ली जनाब सादिक साहब, जनाब निजाम साहब, जनाब फारूक लीला साहब एवं मोहतरमा फाखरा तबस्सुम साहेबा सेक्रेटरी jih महिला विंग ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आज के इस कार्यक्रम मे आइडियल रिलीफ ट्रस्ट के वालंटियर तुफैल कुरेशी, रज़ा कुरैशी, जुबैद खान, अनवार, यार खान, सोहेल अखूतर, ष्ठह्र अलीम साहब, फहीम उल्लाह, अय्यूब, अमान, हैदर, जुवेरिया साहेबा, मुजाहिदा साहेबा ने राशन किट वितरण करते समय अपनी अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजर जनाब सुहैब अख्तर साहब थे।

नक्सलियों ने मोबाइल टॉवर में लगाई आग, घटना स्थल पर बैनर पोस्टर भी लगाया

कोंडागांव (विसं)। नक्सली इन दिनों काफी सक्रिय हो गए हैं और आतंक मचा रहे है। संचार सेवा को भी बाधित करने के उद्देश्य से मोबाइल टॉवरों को भी निशाना बनाया जा रहा हैं। बीती देर रात नक्सलियों ने उत्पात मचाया। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत केजंग के एक मोबाइल टावर पर आग लगा दी। इतना ही नहीं इन नक्सलियों ने आगजनी के बाद घटना स्थल पर बैनर पोस्टर भी लगाए। यह पूरा मामला बयानार थाना क्षेत्र के केजंग गांव का बताया जा रहा है।

दरअसल, बुधवार की देर रात नक्सलियों ने ग्राम पंचायत केजंग के मोबाइल टावर पर आग लगी दी जिससे मोबाइल टावर का कंट्रोल पैनल जलकर खाक हो गया। इसके बाद आसपास के इलाके में इस आगजनी की घटना के बाद दहशत का माहौल देखा गया। नक्सलियों ने इस आगजनी की घटना के बाद घटना स्थल पर एक बैनर पोस्टर भी लगाया।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर** रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-24/283** प्रथम तल में **श्रीमती अनुराधा सिंह ध्रुव पति श्री राजेश्वर सिंह ध्रुव** को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **31.10.2007** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **06.03.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन **1. श्रीमती दुर्गा श्रीवास पति श्री हेमन्त कुमार श्रीवास 2. श्री हेमन्त कुमार श्रीवास पिता श्री गणेश श्रीवास** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार**, रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-71, श्रीमती ऐनी अहमद पति श्री एस.एस. अहमद,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक **653** दिनांक 07.02.2007 द्वारा स्वित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **13.08.2010** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **16.12.2014** को हस्तांतरण विलेख **(फ्री-होल्ड)** निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्री अभिषेक कुमार सिन्हा पिता स्व. श्री केशव राम सिन्हा,** निवासी- जैन-06, गणपति विहार, बोरसी, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 24.12.2014 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री अभिषेक कुमार सिन्हा पिता स्व. श्री केशव राम सिन्हा,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के **नाम दर्ज करने** के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03
मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

तहसीलदार, मंदिर हसौद
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला **रायपुर** तहसील-मंदिर हसौद **प.ह.न.-00022 मंदिर हसौद** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440204500043**

ईश्तहार

तहसील **मंदिर हसौद** के **प.ह.न.** 00022 के अंतर्गत ग्राम मंदिर हसौद के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रीमती शहनाज वहीद पिता/पति-पति अब्दुल वहीद,** पता-सा. मौदहापारा रायपुर के द्वारा धारित **भूमि खसरा क्रमांक** 1274/1 (0.1290) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **अब्दुल वहीद पिता/पति-अब्दुल शकूर,** पता-रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 08/04/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक** 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार :
Raj kumar sahu
मंदिर हसौद

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10386/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 27-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10386
वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220A0154B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **M/S AJENDER SINGH PARTNER MANJIT KAUR W/O AJENDER SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको **नरेन्द्र सिंह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **गुल शरण सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 29 मार्च 2024

कपिलेश्वर नाथ महिला सेवा समिति ने मनाया होली मिलन, केबिनेट मंत्री हुए शामिल

महिला मंडल के द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम्स (खेल) का आयोजन किया गया था.

कोरबा(विश्व परिवार)। श्री कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ला नगर कोरबा के तत्वाधान में कपिलेश्वर मंदिर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया. होली के इस रंगीन अवसर पर मुख्य अतिथि कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे. क्रायक्रम में प्रेम की रंगों में रंगे लोगों को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने होली की बधाई देकर सेवा कार्य के लिए मार्गदर्शन कर हौसला बढ़ाया. और कहा कि प्रेम रंग से बढकर दूसरा कोई रंग नहीं क्योंकि प्यार का रंग कभी नही मिटता.होली मिलन के कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित की गई जिसके बाद पुष्प तथा पगड़ी पहनाकर मंचासीन समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया गया। महिला मंडल के द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम्स (खेल) का आयोजन किया गया था. प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कार प्रदान किया गया.कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने हास्य चुटकुले, कविता पाठ किया.35 महिलाओं को विशेष सहयोग सम्मान से सम्मानित किया गया, समिति द्वारा होली की रंग बिरंगी थीम पर नृत्य प्रस्तुत की गई, इस सामूहिक होली उत्सव में फूलों की होली आकर्षण का केंद्र बनी रही.कार्यक्रम की अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की.

उद्योग मंत्री देवांगन के निवास में होली जमा फाग का रंग

कोरबा(विश्व परिवार)। वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के चारपारा कोहड़िया स्थित निवास स्थान पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। मंत्री श्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। सुबह से ही मंत्री निवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की होली का त्योहार हमें गिले-शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारे के साथ काम करना सीखाता है। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने जिलेवासियों से मिल-जुलकर जिले व प्रदेश के विकास में योगदान देने की बात की। होली के इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 4 जून को एक बार फिर प्रदेश में होली मनाएंगे।उन्होंने कहा की खुशियों का यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में समृद्धि व सद्भाव का रंग लाए और नई ऊर्जा के संचार का माध्यम बने।

संक्षिप्त समाचार

चखना सेंटर चलाने वाले ने ग्राहक पर छोड़ा कुत्ता,युवकों ने किया दुकान में तोडफोड़

बिलासपुर(विश्व परिवार)। शहर के पुराना बस स्टैंड के चखना सेंटर में मंगलवार रात मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। जहां पैसे के लेनदेन के विवाद पर कुद युवकों ने चखना सेंटर संचालक के साथ जमकर मारपीट की तथा दुकान में तोड़फोड़ कर दी। घटना की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं का मामले का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि पुराना बस स्टैंड इलाके में चखना दुकान है। जहां पर दुकान संचालक ने जर्मन शेफर्ड नस्ल का कुत्ता पालकर रखा है। यदि ग्राहक कम पैसा देता है या बहस करता है तो दुकान संचालक अपना कुत्ता उनके ऊपर छोड़ देता है। मंगलवार शाम को भी ऐसी घटना हुई, दो युवकों का पैसे को लेनदेने का लेकर दुकानदार से विवाद हुआ और दुकानदार ने अपना कुत्ता उनपर छोड़ दिया जिसके काटने से दोनों युवक घायल हो गए। जिसके बाद युवकों ने इसकी सूचना अपने दोस्तों को दी और उनके दोस्त दुकान पहुंचे मारपीट करने के साथ ही दुकान में तोड़फोड़ कर दी। घटना में दुकान में बैठे युवक को चोट आई है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। दुकानदार ने इसकी शिकायत थाने मे की है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टिकट नही मिलने पर आमरण अनशन पर बैठा कांग्रेस नेता

बिलासपुर(विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बाकी बची 4 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार रात प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। और इसके बाद ही प्रदेश कांग्रेस में कलह शुरू हो गया है। अब बिलासपुर के कांग्रसी नेता जगदीश प्रसाद कौशिक बिलासपुर लोकसभा से भिलाई के देवेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस भवन के सामने आमरण अनशन पर बैठ गये है। दरअसल बिलासपुर लोकसभा से देवेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस भवन के सामने कांग्रेसी नेता आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। कांग्रेस नेता जगदीश प्रसाद कौशिक ने दीवारों पर अपनी मांग का पोस्टर चिपका कर उन्होंने कहा, बिलासपुर लोकसभा सीट से मुझे प्रत्याशी क्यों नही बनाया गया, मेरी तपस्या में क्या कमी रही है, पार्टी हाईकमान बताएं। न्याय का हक मिलने तक आमरण अनशन पर रहूंगा। कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक का कहना है कि लोकसभा सीट से गलत प्रत्याशी चयन के खिलाफ उनका प्रदर्शन है। पार्टी हाईकमान के साथ ही प्रदेश के नेताओं ने बिलासपुर के नेताओं को नजरअंदाज क्यों किया। उन्होंने कहा है कि न्याय मिलने तक आमरण अनशन जारी रहेगा। बता दें कि जगदीश कौशिक इलाके के बोदरी नगर पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे काफी समय से कांग्रेस पार्टी से टिकट के लिए प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा के बाद जब लोकसभा में भी टिकट नहीं मिली, और बाहरी प्रत्याशी थोपा गया, तब उनका गुस्सा फूट पड़ा और वे बिलासपुर कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठ गए हैं।

भालू के हमले में ग्रामीण घायल

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में महुंआ सग्रंहण के लिए वनाचंल के ग्रामीण बड़ी संख्या में जंगल की ओर जा रहे है। ऐसे में उनका सामना जंगली जानवरों से हो रहा है। और उसके हमले में घायल भी हो जा रहे है। ताजा मामला कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत लैगी गांव में सामने आया जहां एक ग्रामीण भालू के हमले में घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लैगी निवासी मानसिंह पिता समारू सिंह जंगल की ओर गया हुआ था। तभी उसका सामना खुखार भालू से हो गया। भालू ने देखते ही हमला कर दिया । जिससे व लहूलुहान हो गया। मान सिंह द्वारा मदद की गुहार लगाए जाने पर ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पंहुचे। बड़ी संख्या में लोागों को आता देख भालू भाग निकला । घटना की सूचना वन विभाग को दिए जाने पर सहायक रेंजर ईश्वर मानिकपुरी मौके पर पहुंचे। और घायल मानसिंह को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान पहुंचाया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. उपचार के बाद उसे पेण्ड्रा अस्पताल रिफर कर दिया । पेण्ड्रा अस्पताल में भी घायल ग्रामीण के स्थिति में सुधार नही हुआ तो वहां के डाक्टरों ने सिम्स बिलासपुर ले जाने की सलाह दी चिकित्सकों की सलाह पर मानसिंह को सिम्स में भर्ती कराया गया । जहां उसकी स्थिति खतरे से बहार बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा घायल ग्रामीण को उपचार के लिए तत्कालीक सहायता राशि रूपये 500 उपलब्ध करा दी गई है।

ऑक्सीजोन अशोक वाटिका की बिजली काटी नौ लाख का बिल निगम को भेजा

पेड़-पौधों पर संकट, संसाधन ठप

कोरबा(विश्व परिवार)। ऑक्सीजोन के रूप में विकसित की गई टीपी नगर स्थित अशोक वाटिका के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं। यहां के बिजली कनेक्शन को लेकर विवाद की स्थिति के बीच सीएसईबी ने लाइन काट दी है। 9 लाख से अधिक का बिल नगर निगम को भेजा गया है। नगर निगम और वाटिका के ठेकेदार के चक्कर में लाइन कटने से यहां के संसाधन ठप हो गए हैं। अव्यवस्था के कारण एक पखवाड़े से सुबह-शाम टहलने के लिए यहां आने वाले लोग परेशान हैं। पिछले वर्षों में प्रदेश सरकार ने कोरबा की अशोक वाटिका को संवारने का निर्णय लिया था। 10 करोड़ रुपए खर्च करने के साथ इसे नया कलेवर दिया गया। 15 एकड़ क्षेत्रफल में विस्तारित अशोक वाटिका ने नए पेड़-पौधे लगाए गए और लोगों को आकर्षित करने के लिए कई म्यूजिकल फाउंटेन के अलावा अन्य संसाधन भी स्थापित किये गए। बच्चों से लेकर युवाओं और अन्य लोगों के मनोरंजन के लिए यहां सुविधाएं मुहैया कराई गई। प्रतिदिन सुबह-शाम हजारों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की पहुंच यहां सैर करने के लिए सुनिश्चित होती है। इस इरादे से नगर निगम ने अशोक वाटिका के भीतर नेचुरल ट्रैक तैयार किया। आराम के कई घंटे बिताने के साथ लोगों को यहां से शुद्ध वायु प्राप्त होती रही। अशोक वाटिका में इलेक्ट्रिक से चलने वाले उपकरण और पेड़-पौधों को उनकी जरूरत के लिए पानी उपलब्ध कराने हेतु पूर्व के वर्षों में फारेस्ट के नाम पर एक विद्युत कनेक्शन हुआ करता था, ऐसी जानकारी है। बाद में यहां बिजली का उपयोग दूसरे तरीके से किया जा रहा था। पिछले दिनों सीएसईबी ने औचक निरीक्षण करने के साथ इस मामले को अनुचित श्रेणी में पाया और डिस्कनेक्शन की कार्रवाई कर दी। तब से अब तक यहां बिजली सुविधा शून्य है। ऐसे में अशोक वाटिका के सभी उपकरण ठप हैं और पेड़-पौधों को उनकी जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के मौसम में वे संकट की स्थिति में है। नगर निगम आयुक्त के नाम से अशोक वाटिका के बाहर एक नोटिस चस्पा कर दिया गया है जिसमें 22 से 27 मार्च तक इसे बंद रखने की जानकारी दी गई है। लोग हर दिन यहां पहुंचते हैं और बाहर से ही लौट जाते हैं।

नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित कर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय पीजी महाविद्यालय कोरबा की प्राचार्या डॉ. साधना खरे, मुख्य अभियंता की उपस्थिति में अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने शपथ दिलाई गई। इसी तरह स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा एवं हसदेव एजुकेशन कॉलेज आमापाली में कोरबा में नारा लेखन प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में आज शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नात्कोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. साधना खरे एवं बलराम कुर्रे महाविद्यालय स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी एवं सहायक प्रध्यापक कि उपस्थिति में ''स्वीप की गतिविधियॉ संचालित कर मतदाताओं को कैसे जागरूक किया जाए'' के विषय में बताया गया और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने मतदान के महत्व को समझाते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को जागरूक किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक डॉ. हेमंत सचदेवा ने कहा कि हमें निश्चित रूप से मतदान करना चाहिए।

कापानवापारा में गांव के निकट पहुंचा हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत

कोरबा(विश्व परिवार)। वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। यहां के कापानवापारा क्षेत्र में 31 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें आधा दर्जन बेबी एलीफेंट भी शामिल हैं। बताया जाता है कि हाथियों का यह दल मंगलवार की रात 8 बजे के लगभग गांव के निकट पहुंच गया था और तालाब में लगभग 4 घंटे जलक्रीड़ा करने के बाद निगरानी दल द्वारा खदेड़े जाने पर वापस जंगल की ओर लौटा। इस दौरान ग्रामीण काफी दहशत में रहे। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ निगरानी दल के सदस्यों को सूचना दी गई जिस पर निगरानी दल तत्काल मौके पर पहुंचा और हाथियों की निगरानी करने के साथ ही उसे खदेडने की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर दल ने जंगल का रूख किया। ज्ञात रहे क्षेत्र में हाथियों के दल ने काफी दिनों से डेरा जमा दिया है। हाथियों का दल बीच-बीच में गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हैं और ग्रामीणों के घर को निशाना बनाकर तोड़ भी देते हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। वन विभाग द्वारा थर्मल ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। कैमरे से हाथियों का लोकेशन मिलते ही ग्रामीणों को सतर्कता अलार्म बजाकर सचेत किया जाता है।

इलाज के लिए कर्मचारी और अधिकारी को अलग-अलग राशि देगी कंपनी

कोल इंडिया ने चिकित्सा के लिए बनाई नई नीति

कोरबा(विश्व परिवार)। शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) हर इंसान के मामले में एक जैसी दृष्टि रखता है लेकिन कार्पोरेट कंपनियां अपने हिसाब से अंतर खोज लेती है। अलग-अलग व्यक्तियों के मामले में अंग विशेष के परीक्षण और उस पर होने वाले खर्च के लिए राशि भी भिन्न-भिन्न हो सकती है। कम से कम साउथ कोल इंडिया लिमिटेड तो ऐसा ही सोचती है। अधिकारियों और कर्मचारियों की आंखों से संबंधित समस्या और उपचार को लेकर जो नीति बनाई गई है उसमें राशि का निर्धारण कुछ इसी तरह से किया गया है। कर्मचारियों को जहां 10 हजार प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी तो अधिकारियों को अधिकतम 50 हजार रुपए तक। जानकारी में बताया कि 461वीं सीआईएल बोर्ड की बैठक में चिकित्सा उपस्थिति नियमों को लेकर चर्चा हुई और निर्णय लिए गए। इसमें कर्मचारियों की आखों से जुड़ी समस्या और चश्मे की प्रतिपूर्ति को शामिल किया गया। कुछ संशोधन किये गए जिसे मंजूरी दे दी गई। बताया गया कि कोल इंडिया ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंधित नेत्र उपचार को लेकर जो नियम तय किया है उसके अंतर्गत सभी प्रकार के नेत्र रोगों के उपचार और संबंधित खर्च सहित त्रुटियों के सुधार के लिए प्रावधान की अनुमति होगी। इसमें तौर-तरीकों के आधार पर कर्मियों को 10 से लेकर 50 हजार तक का खर्च दिया जाएगा। इसमें कर्मचारियों के लिए केवल 10 हजार की प्रतिपूर्ति सीमा तय की गई है जबकि बोर्ड स्तर के अधिकारियों को 50 हजार, अधिकारी ई-8, ई-9 के लिए 45 हजार, ई-6, ई-7 के लिए 35 हजार, ई-4, ई-5 के लिए 30 हजार और ई-1, ई-3 के लिए 20 हजार रुपए की राशि तय होगी। 1 अप्रैल 2024 से अगले दो साल के ब्लॉक के लिए ये शर्तें प्रभावशील की गई है।

जंगली सुअर का शिकार, दो ग्रामीण गिरफ्तार

कोरबा(विश्व परिवार)। होली के त्यौहार के दौरान वन विभाग वनों को आग से बचाने के लिये रात-रात भर जद्दोजहद करता नजर आया क्योंकि उस समय पूरी आशंका होती है कि शिकार के लिये अथवा तेंदूपत्ता के लिये वन अधिकारियों को त्यौहार के मद्देनजर अनुपस्थित पाकर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा आग लगाई जायेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए 24 मार्च को वनमंडलाधिकारी कोरबा अरविंद के निर्देश पर वनमंडल के क्षेत्रीय वन अधिकारी लगातार गश्त पर थे। इस दौरान परिसर वन अधिकारी श्रीमती गीता नेताम वन परिक्षेत्र करतला को सूचना मिली कि लबेद ग्राम से लगे जंगल कक्ष क्र 1168 में पहाड़ पर आग लगी है। श्रीमती गीता नेताम ने अपने वरिष्ठ वन अधिकारियों को सूचित करते अपने सभी साथियों को एवं फायर वाचर्स को साथ लेकर स्वयं आग बुझाने के लिये रात्रि में ही लगभग 7.30

बजे पहुँच गयी। इधर सूचना पाकर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चैहान ने शासकीय वाहन से सभी फायर वाचर्स को एकत्र कर लाने के लिये अपने ड्राईवर को भेज कर मौके पर पहुँच गये। ग्राम चीताखोल में जहाँ पहाड़ के नीचे आग लगाने वालों को घेराबंदी करना था जो कि आग लगा कर पहाड़ से टार्च की रोशनी पर नीचे उत्तर रहे थे। उधर फायर वाचर्स जंगल की आग बुझाने के लिये जंगल में घुस गये। वन विभाग की गतिविधि को समझते हुए संदिग्ध लोग वन क्षेत्र से भागने लगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारियो ने भागते हुए दो संदिग्धों को पकड़ा। उनके थैलों की जाँच की गई तो जंगली सुअर का मांस लगभग आधा किलो, एक ताजा काटा गया कान तथा जंगली सुअर का थूथन बरामद किया गया। वनमंडलाधिकारी अरविंद पी.एम. के दिशा-निर्देशन में फायर वाचर्स ने भी अपना काम किया तथा आग पर काबू पाया। इस सफलता में वन परिक्षेत्र करतला राजेश चैहान के साथ वृत्त वन अधिकारी बरपाली बिरेश कुमार शुक्ला, वन अधिकारी श्रीमती गीता नेताम, चंद्रशेखर सिंह कंवर, हरिनारायण बंजारे, कपिल कुमार कंवर, विजयेंद्र सिंह नेटी, विष्णु प्रसाद साहू, जगदीश खूंटे एवं सुकलाल सिंह कंवर के साथ सभी फायर वाचर्स का विशेष योगदान रहा। पकड़े गए संदिग्धों की सूचना पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के नाम संतोष व निलाबंर बताए गए है। जो चीताखोल के निवासी है।

अस्पताल में मरीज की मौत: डॉक्टर पर लगा लापरवाही का आरोप, हुआ हंगामा

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा अंचल के एनकेएच अस्पताल में एक मरीज की मृत्यु होने के बाद जमकर हंगामा हुआ। मृतक के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू किया। अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया की तोडफोड़ और हाथापाई तक की नौबत आ गई। इस घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। जानकारी के अनुसार मृतक सत्यनारायण पटेल (52 वर्ष) दादर खुर्द का रहने वाला था। कुछ दिनों पहले उसकी तबीयत बिगडने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा था। वहीं मंगलवार की सुबह आईसीयू में लगभग 6 से 7 के बीच में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों को जब उसकी मृत्यु की सूचना मिली तो उसके बाद उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सत्यनारायण पटेल सुबह 6:00 बजे तक परिजनों से बातचीत कर रहा था। जहां अचानक अस्पताल प्रबंधक के द्वारा उसकी मृत्यु की जानकारी दी गई।

संपादकीय आम चुनाव-2024-सरोकारी माहौल जरूरी

हसीन सपने भर नहीं

आंध्र प्रदेश और नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित दो अहम खबरें हैं। रविवार को अमरावती की जनसभा में वे शिक्षा-स्वास्थ्य के अनेक उन्नत केंद्रों से राज्य को एक जीवंत हब बनाने का ऐलान करते हैं। इनमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अनेक संस्थानिक उपहारों का पिटारा खोलते हैं-इस अंदाज में कि 'ये लीजिए,वो भी लीजिए। और बोलिए कि और आपको क्या चाहिए।' ऐसा दो ही स्थितियों में होता है-जब आप किसी को बेहद मूल्यवान और वजनदार मानकर उसको साधने में बिछ से जाते हैं या फिर किसी को अपने अस्तित्व का बेहद सगा मानते हैं। उसके स्वागत-सत्कार में कसर नहीं छोड़ना चाहते। वैसे चुनावी मौसम में यह दल-निरपेक्ष आम रवायत है। पर भाजपा और नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में खास है। मंच पर इसके साक्ष्य थे-तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू और जनसेना के नेता। एनडीए के संयोजक रहे नायडू की सालों बाद एनडीए में वापसी हुई है। हालांकि नायडू भ्रष्टाचार के मामले, जिसके खिलाफ पीएम का अभियान है, में अभी पिछले महीने जेल से जमानत पर हैं। इस विडम्बना के बावजूद भाजपा और प्रधानमंत्री का भरोसा है कि वे इनके सहारे आंध्र प्रदेश की लोक सभा सीटों से '400 पार' जाने का पुख्ता इंतजाम कर लेंगे। विधानसभा में भी कुछ सीटें लाकर गठबंधन सरकार का हिस्सा बन सकते हैं। पिटारा खोलने की यह पहली स्थिति है। यहां कर्नाटक की 25 सीटों की बड़ी भरपाई करनी है,जो कांग्रेस के कब्जे में है-तेलंगाना भी। केरल में भाजपा के नामलेवा तो एकाध हो गए हैं, पर वे सीटें लाने वाले अभी भी नहीं हैं। तमिलनाडु में भाजपा का अन्नाद्रमुक से अलगाव हो चुका है। इसलिए आंध्र और चंद्रबाबू भाजपा के लिए अभी एवं आगे के लिए अपरिहार्य हैं। योजनाओं की झड़ी की यह दूसरी बाध्यता है। इस तस्वीर से बिल्कुल उलट है-तीसरी बार सत्ता में वापसी की प्रधानमंत्री की आस्ति। इसी आधार पर वे सत्ता में आने के 100 दिन बाद के कार्यक्रम बनाने का निर्देश अपनी कैबिनेट को दिया हुआ है। इसके आगे, वे आजादी की सदी 2047 तक देश के सर्वांगीण विकास का एजेंडा तैयार किए हुए हैं, जो सर्वे पर आधारित है। विपक्ष इस पर हंस सकता है और इसे मतदाताओं को बरगलाने का एक हथकंडा करार दे सकता है। एक मायने में ऐसा हो भी सकता है। पर योजना और क्रियान्वयन में सरकार जिस तरह से चली है।

प्रो. आनंद कुमार

भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग-अलग हो गया है। एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरुआत हो गई। इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं! क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक

समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर-संवैधानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर-संवैधानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है। इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं-या तो हम चुनाव के दिन अपने-अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा-पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्र; हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, 'भागो नहीं, दुनिया को बदलो।' आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निर्माताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा। नागरिक समाज का क्या अर्थ है! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं और चुनाव के अलग समाज की समस्याओं को सुलझाने में सार्थक और रचनात्मक योगदान करते हैं। समाज के वास्तविक मुद्दे अब दलों की दिलचस्पी के मुद्दे नहीं रह गए। इसका मतलब यह नहीं है कि समाज को इन मुद्दों पर हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उसी जरूरत को पूरा करने वाले संगठन अपने छोटे समूहों के माध्यम से इन सवालों को सुलझाने में लगे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र का महत्त्वपूर्ण पक्ष है। आम समझ है कि लोकतंत्र चार खंभों पर खड़ी इमारत है और चार खंभे हैं-विधानमंडल, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया। लेकिन असल में इस इमारत के तीन खंभे और हैं, जो भारत के लोकतंत्र को बचाए रखने और संवर्धित करने में योगदान करते हैं। उन तीन खंभों में एक है राजनीतिक दल, दूसरा है विविद्यालय आदि शिक्षा एवं ज्ञान केंद्र। और तीसरा है, नागरिक समाज। यह सातवां खंभा आज बहुत मजबूत है। इसमें यह भाव नहीं है सत्ता हमारे पास आए, बल्कि यह प्रयास है कि सत्ता योग्य व्यक्तियों के हाथों में जाए। वैसे तो कोई भी सत्ता किसी का दखल पसंद नहीं करती, लेकिन मौजूदा सत्ता संचालक नागरिकों की पहलों को एकदम नापसंद करते हैं। इसलिए काशी से लेकर कलकत्ता तक नागरिक समाज पर ग्रहण लगा हुआ है। आशा करनी चाहिए कि तमाम बाधाओं के बावजूद सक्रिय और सरोकारी नागरिक परस्पर सहयोग का वातावरण बनाकर चुनाव को शुद्ध बनाने। प्रदूषणमुक्त बनाने और निर्मल बनाने के लिए घोषणा-पत्र निर्माण, उम्मीदवारों के चयन, प्रचार की रणनीति और मतदान का पक्ष-सबकी निगरानी करेंगे, सबमें हिस्सेदारी करेंगे और सबमें योगदान करेंगे। इस समय चारों तरफ खास तरह के सरोकार का माहौल दिखाई पड़ रहा है। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव एक मायने में मील का पत्थर साबित होगा, ऐसी आशा की जा रही है।

विचार

विश्व शांति और महिलाधिकार

बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण महिलाओं के अधिकार खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए यह कहा। दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के उद्घाटन अवसर पर गुतरेस ने महिलाओं पर युद्धों के असंगत प्रभाव की भी बात की। उन्होंने तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों द्वारा छेड़े गए युद्धों से सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। गाजा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कथित तौर पर वहां इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों के दौरान हताहत दो-तिहाई से अधिक महिलाएं हैं। अफगानिस्तान और सूडान की महिलाओं की स्थिति और पुरुषों द्वारा नियंत्रित एल्गोरिदम जीवन के कई पहलुओं में पैदा होने वाली असमानता पर भी चर्चा की। गुतरेस ने महिलाओं को सभी स्तरों पर डिजिटल प्रौद्योगिकी में निर्णय लेने की भूमिका मिलने की बात भी की। लैंगिक समानता हासिल करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को खत्म करने और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से रोकने पर विशेष जोर दिया। युद्धों और दुनिया भर जारी मार-काट से निपटने का काम महिलाएं बेहतर ढंग से कर सकती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। सारी दुनिया में जारी युद्धों के मूल में पुरुष ही हैं, हालांकि वे युद्धों की बलि भी चढ़ रहे हैं जिसकी परोक्ष और अपरोक्ष तौर पर कीमत स्त्रियां ही चुका रही हैं। परिवारों से बिछड़ने वाले बच्चे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। युद्धों ने नौजवानों को भी नेस्त-नाबूत कर दिया है। पीछे छूटी स्त्रियां नन्हें बच्चों को सीने से चिपटाए बेघर भटक रही हैं। बढ़ती वैश्विक हिंसा बच्चों समेत महिलाओं के अधिकारों को रौंदते हुए संक्रमण की तरह बढ़ती ही जा रही है। दुनिया भर के ताकतवर शीप्राधिकारियों के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही। यह सच है कि जब तक शीर्ष पदों पर और प्रौद्योगिकी पर लैंगिक समानता नहीं होगी, इसी तरह के आक्रामक/विभीषिका भरे निर्णयों से महिलाओं और बच्चों का जीवन खतरों से भरा रहेगा। पीड़ितों के बचाव और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित न रखा जाए।

प्रदूषण नियंत्रण-संसाधनों की कमी बड़ी बाधा

एनजीटी ने पिछले साल अक्टूबर, 2023 में राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रदूषण नियंत्रण समितियां (पीसीसी) में पदों पर कर्मियों और संसाधनों की कमी से जुड़ी 24 अक्टूबर, 2023 की एक मीडिया खबर पर स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की तो ट्रिब्यूनल ने पाया कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ने वाली संस्थाएं सीपीसीबी और पीएससी भी कर्मियों के पदों की रिक्तियों और संसाधनों से जूझ रही हैं। क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क साउथ एशिया के सीनियर एडवाइजर शैलेंद्र यशवंत ने पिछले साल अपनी इस रिपोर्ट में दिल्ली स्थित थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में प्रदूषण नियंत्रण करने वाली संस्थाएं मसलन, राज्यों में एसपीसीबी और केंद्रशासित प्रदेशों में पीसीसी के पास कर्मियों की अपर्याप्त स्वीकृत शक्ति, विशेष रूप से तकनीकी पदों की संख्या, उचित प्रशिक्षण का अभाव, प्रदूषण निगरानी और निवारण उपकरणों की कमी, तकनीकी रूप से सक्षम नेतृत्व की अनुपस्थिति, लंबे समय तक प्रवर्तन तंत्र का अभाव, अपर्याप्त धन और प्रभावी खर्च जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कहा कि भारत में वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस और समितियां केंद्र में हैं। दावा किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस खस्ताहाल हैं। इन सबके मद्देनजर मुद्दा यह है कि देश में प्रदूषण से कैसे निजात पाई जा सकती है। दरअसल, एनजीटी पिछले साल प्रदूषण के एक मामले की सुनवाई कर रहा था। इसी बीच 24 अक्टूबर, 2023 को जब यह मीडिया रिपोर्ट आई तो एनजीटी ने इस पर स्वत: संज्ञान लेकर मूल आवेदन संख्या 693/2023 में इसे शामिल करके कार्रवाई करते हुए सीपीसीबी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस देकर 23 नवम्बर, 2023 को मीडिया खबर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में सीपीसीबी की 23 नवम्बर, 2023 को रिपोर्ट मिली तो एनजीटी ने पाया कि मीडिया रिपोर्ट में सीपीसीबी और पीसीसी में अपर्याप्त कर्मियों और संसाधनों संबंधी दावे सही हैं। रिपोर्ट में देखा गया कि कुल 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में एसपीसीबी और पीसीसी के कर्मियों की स्थिति के ब्यौरे में 11,969 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 5,877 पद ही भरे हुए हैं।

अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

(or any other appropriate title from EditorÓs Desk)
by Narendra Modi

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है। इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं। जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के

एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे। स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी। भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे। मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

ओम शांति।

लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं

चुनावी बांड ने सियासी दलों का भांडा फोड़ा.....

योगेंद्र योगी

इस पूरे प्रकरण में सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि राजनीतिक दल एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं। सभी एक-दूसरे को भ्रष्टाचार का आरोपी बता रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले किसी ने चंदा लेने की पारदर्शिता की नीति पर अमल तक करने की जरूरत नहीं समझी। हर स्तर पर किया लेन-देन सार्वजनिक किया जाना चाहिए सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड के मामले में स्टेट बैंक ऑफइंडिया के सारे पैंतरे व्यर्थ कर दिए। इसके साथ ही इस पूरे मामले से चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की नीयत से भी पर्दा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट के भय से एसबीआई द्वारा किए गए खुलासे से जाहिर हो गया है कि जिस भी राजनीतिक दल का जोर चला उसने उसी हिसाब से उद्योपतियों और व्यवसायियों से चंदा वसूल किया है। यह तो निश्चित है कि कोई उद्यमी मुफ्त में कुछ नहीं देता। चंदा देने के दो ही तरीके हैं। पहला यह कि राजनीतिक दलों के डर के मारे देना पड़े और दूसरा ऐसा करने से निहित स्वार्थ साधे जा सकते हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सार्वजनिक करवा कर सबको हमाम में नंगा कर दिया। इससे जाहिर हो गया कि दूध का धुला कोई राजनीतिक दल नहीं हैं। जिस राजनीतिक दल की जितनी हैसियत है, उसने उसी हिसाब से चुनावी चंदा वसूला है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दलों को कम और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को सर्वाधिक चंदा मिला है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट की इस पूरी कवायद में उद्यमी दो पाटों के बीच फंस गए हैं। उद्यमी कभी यह नहीं चाहते थे कि उनके चंदा देने का खुलासा हो। खुलासा होने के बाद उनके साथ कम चंदा मिलने या नहीं मिलने पर राजनीतिक दल बदले की भावना से काम करे बिना नहीं मानेंगे। ऐसे में उद्यमी चंदा देकर मुसीबत मोल ले बैठे। यदि उद्यमी सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय



एजेंसियों से बच गए तो राज्यों में सत्तारूढ़ गैर भाजपा दलों की राज्यों की एजेंसियों की लपेटे में आ सकते हैं। राज्य की एजेंसियां किसी न किसी बहाने चंदा कम मिलने या नहीं मिलने का हिसाब चुकता किए बगैर नहीं मानेंगी। बदले की भावना से राजनीतिक दलों द्वारा कराई गई ऐसी कार्रवाई को छिपाने के लिए एजेंसियां रटा-रटाया जवाब पहले भी देती रही हैं कि कानून अपना काम करेगा। राजनीतिक दलों ने ऐसे उद्यमियों से भी चंदा लेने से गुरेज नहीं किया जिन पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की नजर है। दूसरे शब्दों में कहें तो उद्यमी इस मंशा को भांप गए कि चंदा देकर निशाने से कैसे बचा जा सकता है। चुनावी बांड की योजना लागू होने के बाद इसके माध्यम से सबसे अधिक 6986.5 करोड़ रुपए की धनराशि भाजपा को प्राप्त हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 1397 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 1334 करोड़ रुपए और बीआरएस को 1322 करोड़ रुपए मिले। चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा दान पाने वालों की पार्टियों में तृणमूल दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस चौथे नंबर की पार्टी है। खास बात यह भी है कि जिन राजनीतिक दलों के पास सत्ता नहीं है और जिनके सत्ता में आने की संभावना क्षीण है, उनका आकलन करके चंदा देने वालों ने किनारा कर लिया। यदि सुप्रीम कोर्ट एसबीआई को इसका खुलासा करने पर मजबूर नहीं करता तो इस गठजोड़ का खुलासा कभी नहीं हो पाता। कई राजनीतिक दलों ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए चुनावी बॉन्ड देने वालों का विवरण साझा करने से इन्कार करते रहे। जबकि कुछ दलों ने कहा कि उन्हें ड्रॉप बॉक्स या डाक के माध्यम से चंदा मिला है, जिन पर किसी का नाम नहीं था। एक लॉटरी कंपनी से अधिकांश चंदा हासिल करने वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने 2019 में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार चुनावी बॉन्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए अपने दानकर्ताओं से संपर्क किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चंदा देने वालों का खुलासा न करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम तथा आयकर अधिनियम के संबंधित पहलुओं का हवाला दिया। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे अपने पत्र में कहा कि विधिवत प्रस्तुत किया जा चुका है कि चुनावी बॉन्ड योजना केवल राजनीतिक वित्तपोषण में धन का हिसाब-किताब रखने और दानदाताओं को किसी भी परिणाम से बचाने के उद्देश्य से पेश की गई थी। कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को एक पत्र लिखकर चुनावी बॉन्ड दाताओं, धनराशि, तारीख और उस बैंक खाते का विवरण मांगा जिसमें ये जमा किए गए थे। एसबीआई ने कांग्रेस को जवाब दिया कि चुनावी बॉन्ड का विवरण राजनीतिक दलों के पास उपलब्ध है और बैंक खाते की जानकारी आयोग के साथ साझा की गई है। समाजवादी पार्टी ने एक लाख रुपए और 10 लाख रुपए की अपेक्षाकृत छोटी राशि के बॉन्ड का विवरण साझा किया। पार्टी ने बताया कि उसे एक करोड़ रुपए के 10 बॉन्ड बिना किसी नाम के डाक से प्राप्त हुए थे। लगभग 77 प्रतिशत चंदा लॉटरी किंग कहे जाने वाले सेंटियागो मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग से हासिल करने वाली द्रमुक ने कहा कि उसने दान का विवरण हासिल करने के लिए दानदाताओं से संपर्क किया था। द्रमुक ने कहा कि इस योजना के तहत दान लेने वाले को दानकर्ता का विवरण देने की भी आवश्यकता नहीं थी। फिर भी, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, हमने अपने दानदाताओं से संपर्क करके विवरण हासिल किया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने दानदाताओं के नामों की जानकारी वाले कॉलम में तत्काल उपलब्ध नहीं लिखा है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि चुनावी बॉन्ड पार्टी कार्यालय में भेजे गए थे और उन्हें ड्रॉप बॉक्स में डाल दिया गया था। टीएमसी ने कहा कि पार्टी का समर्थन करने की इच्छा रखने वाले विभिन्न व्यक्तियों की ओर से दूतों के माध्यम से कुछ बॉन्ड भेजे गए थे जिनमें से कई ने गुमनाम तरीके से दान किया। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने बॉन्ड देने वालों का विवरण प्रस्तुत करने में असमर्थता व्यक्त की, क्योंकि पार्टी ने विवरण नहीं रखा था।

आपका नीर लेकिन बदले में आपको पनीर देती है गाय : मुनि श्री समयसागर जी महाराज

पशुपालन मंत्री पटेल ने कहा- दयोदय महासंघ कर रहा है लाखों गायों का संरक्षण

11 लाख रुपए की एक्सरा मशीन से होगी सुविधा- राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमी

तेंदूखेड़ा/दमोह (विश्व परिवार)। गाय ऐसा प्राणी है जो आपका नीर अर्थात पानी पी कर आपको जो दूध देती है उससे आप पनीर को प्राप्त कर लेते हैं यानी नीर के बदले में आपको पनीर देती है गाय जिसे बहुत ही पौष्टिक माना गया है यदि आप गाय को कुछ भी नहीं देंगे तो भी वह आप को अपनी शक्ति अनुसार दुध देते हुए देखीं जाती है आप लोग खेतों में अनाज उत्पादन करने के लिए वीजो का वपन करते हैं जहां अनाज के साथ ही भूसा तो सहजता से प्राप्त होता चला जाता है आप के थोड़े से प्रयास से गायों को जीवन मिलता है तो ऐसा काम सभी को करते रहना चाहिए उक्त आश्य के उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज ने तेंदूखेड़ा में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमणमुनि श्रीसमयसागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से देशभर में गोशालाओ का संचालन करने वाले श्री दयोदय महासंघ के मार्ग दर्शन में तेंदू खेड़ा गोशाला में पशु चिकित्सालय का उद्घाटन मध्य प्रदेश के पशु पालन मंत्री श्री लखन पटेल जी के मुख्य आतिथ्य में महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी कटनी की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन मध्यप्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री लखन पटेल दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रेम चंद जी प्रेमी राष्ट्रीय महामंत्री राकेश जैन लालाजी तेंदूखेड़ा गोशाला अध्यक्ष संजयजैन पारसमणि के साथ अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

नवीन सर्वे सुविधा युक्त चिकित्सालय का लोकार्पण करते हुए कहाकि पशुपालन मंत्री लखनपटेल ने कहाकि आचार्यश्रीविद्यासागर जी महाराज ने जो गौ सेवा के लिए अलख जगाई आज उनके आशीर्वाद से देशभर में लाखों गायों का संरक्षण हो रहा है मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी ने दयोदय महासंघ की मांग पर प्रति पशु सहायता राशि को वीस से दुगना कर दिया आगे भी प्रदेश सरकार पशुपालन मंत्रालय के माध्यम से आपकी मांग पर संज्ञान लेंगी अभी चुनाव का दौर है और मैं एक भक्त की तरह यहां सेवा में समर्पित होने आया हूं इस दौरान परमपूज्य निर्यापक श्रमणमुनि श्रीसमयसागर जी महाराज से महत्व पूर्ण निर्देश प्राप्त किए।

गोशालाओ को आत्मनिर्भर वनाने के लिए दयोदय महासंघ प्रयासरत हैं- -राकेश लालाजी

इस दौरान दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश जैन लालाजी अशोक नगर ने कहा कि दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रेम चंद जी प्रेमी के मार्गदर्शन में देशभर की गोशालाओ सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है महासंघ का प्रयास है कि सभी गोशालाओ को आत्मनिर्भर वनाया जाये जिससे कि अधिकाधिक गायों को हम संरक्षण प्रदान कर सकें गोशालाओ को चारा भूसा ऐकत्रित करने के लिए ट्रेक्टर ट्राली महासंघ के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है इसके साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में भी हम ध्यान दें रहें हैं

दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमी जी ने कहा कि आज एक नये अध्याय का सूत्रपात तेंदूखेड़ा गोशाला में चिकित्सा इकाई की स्थापना के साथ हो रहा है इसमें एक्सरा मशीन हेतु दयोदय महासंघ गारह लाख रुपए की राशि तेंदूखेड़ा गोशाला के लिए उपलब्ध करायेगा होइस दौरान गौशालाअध्यक्ष संजय जैन पारसमणि ने कहा कि दयोदय महासंघ के सार्थक प्रयासों से आज हम तेंदूखेड़ा में चिकित्सा इकाई खोल पाए हैं महासंघ गोशाला ओ के लिए सराहनीय सहयोग समाज और शासन दिला रहा है महासंघ इसी तरह गौसेवा करती रहे।

देव शास्त्र गुरु से बनी रिश्तेदारी अगले भव तक काम आएगी, दूसरी रिश्तेदारी तो धरा पर धरी रह जाएगी : स्वस्तिभूषण माताजी

पूज्य माताजी के सानिध्य में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ मुनिसुवृतनाथ मंडल विधान

झालरापाटन (विश्व परिवार)। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को गौरव आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माता के सानिध्य में संगीतमय 1008 भगवान मुनिसुव्र नाथ मंडल विधान का आयोजन हुआ। विधानाचार्य कपिल भैया व संगीतकार भोपाल निवासी कुलदीप के सहयोग से आयोजित विधान में विधि विधान के साथ मुनिसुव्रतनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। इसके बाद शांति धारा के माध्यम से राष्ट्र व विश्व कल्याण की कामना की गई। देव शास्त्र गुरु एवं भगवान का पूजन किया गया। विधानाचार्य ने अरिष्ट निवारक भगवान मुनिसुव्र नाथ की महिमा से अवगत कराया। समाज के यशोवर्धन बाकलीवाल ने बताया कि प्रथम अभिषेक के पुणयार्जक सुनील कुमार रौनक कुमार लुहाड़िया परिवार, शांति धारा के पुणयार्जक यशोर्वधन अनंत बाकलीवाल परिवार, मंडल विधान में सोधर्म इंद्र के पुणयार्जक रचना सुरेंद्र कमल ध्वज रहे, कुबेर इंद्र नई दिल्ली निवासीकृतिका प्रवेश शाह, सनत कुमार इंद्र चंदा देवी प्रताप चंद्र चंदा मेटल, यज्ञ नायक शांता देवी पदम कुमार गांधी परिवार रहे। महेंद्र इंद्र रीना आकाश पापड़ीवाल परिवार, विधान में

बैठने वाले सभी भक्तजनों के वात्सल्य भोज के प्रायोजक सुशीला देवी गांधी परिवार रहे। महामंडल विधान में झालावाड़, रामगंजमंडी, भानपुरा, कोटा, कानपुर, इटावा उत्तर प्रदेश, ग्वालियर मध्य प्रदेश तक के श्रावको ने भाग लिया। आर्यिका माताजी ने गुरुवार शाम 5 बजे शांतिनाथ मंदिर से पार्श्वगिरी जूनी नसिया के लिए विहार किया। माताजी के विहार में बड़ी संख्या में समाज के छोटे बच्चों से लेकर युवा बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थे।

महामंडल विधान की बेला में भारत गौरव गणिनो आर्यिका 105स्वस्ति भूषण माताजी ने गुरुवार को शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा में कहा कि देव शास्त्र गुरु से रिश्ता बनाओ दूसरी रिश्तेदारी तो धरा पर धरी रह जाएगी। पर देव शास्त्र गुरु से बनी रिश्तेदारी अगले भव तक काम आएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए कर्म वर्तमान का भाग्य है और वर्तमान के कर्म अगले भव में काम आएंगे, जीवन में अच्छे संस्कार उतारने की कोशिश करें यह संस्कार आपके अगले भव को सुधारेंगे। संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यदि संस्कार न हो तो हमारी सामाजिक जिम्मेदारियां और सामाजिक भागीदारी शून्य होगी। संस्कारों की पहली पाठशाला घर से शुरू होती है हम जो घर से सीखते हैं वही बाहर करते हैं। इसके बाद स्कूल में संस्कारों का समायोजन होता है। इसके अलावा संस्कारों में एक अहम संस्कार है जिसे परोपकार कहा जाता है।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

युवा मार्तंड सरस्वती पुत्र मानद उपाधि से सम्मानित हुए कवि हृदय विकर्ष शास्त्री जी (सलेहा)

रायबरेली (विश्व परिवार)। परम पूज्य आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद व परम पूज्य गुणांतन प्रणेता मुनिश्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से अष्टानिका महापर्व के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी रायबरेली में अभूतपूर्व प्रभावना के साथ सिद्ध चक्र मंडल विधान संपन्न हुआ। संपूर्ण विधान कवि हृदय पंडित विकर्ष शास्त्री जी के मार्गदर्शन और विधानाचार्यत्व में संपन्न हुआ। समस्त रायबरेली जैन समाज ने विकर्ष शास्त्री जी की प्रतिभा को देखते हुए अनूठे अंदाज में लोगों को धर्म से जोड़ना और काव्यात्मक प्रवचन शैली आदि विशेष गुणों से प्रभावित होकर युवा मार्तंड सरस्वती पुत्र की मानक उपाधि से सम्मानित किया। संपूर्ण जैन समाज के लिए गौरव की बात है।

संक्षिप्त समाचार

सम्मेदशिखर जी में मुनिश्री सुप्रभसागर जी एवं सुयशसागर जी महाराज का हुआ भव्य मिलन, मुनिश्री के सानिध्य में सिद्धचक्र विधान का भव्य आयोजन

सम्मेदशिखर (विश्व परिवार)। परम पूज्य श्रमणाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ की भव्य अगवानी सिद्ध ?क्षेत्र शिखर जी मधुवन में की गई जहाँ गुरु भाई सुयशसागर से मिलन हुआ। श्रीजी की निकली भव्य शोभायात्रा 40 वर्ष बाद तेरापंथी कोठी ट्रस्ट कमेटी मधुवन द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा पाण्डुक शिला पर? पहुँची जहाँ आचार्य, उपाध्याय साधु, आर्यिका संघ के सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक सम्पन्न हुआ। प.पू. मुनिश्री सुप्रभसागरजी ने किया शान्ति-धारा का मंत्रोच्चार किया। मुनि श्री निग्रंथ दीक्षा के उपरांत पहली बार पहुंचे हैं सिद्धक्षेत्र पर सिद्धों की बंदना के लिए। होली के रंग मुनिश्री के संग का भाव लेकर पहुँच रहे हैं देशभर के गुरु भक्त। 30 मार्च से 07 अप्रैल 2024 तक प.पू. मुनि श्री सुप्रभ सागर जी, मुनि श्री प्रणत सागर जी के सानिध्य में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन कांच मंदिर मधुवन (शिखरजी) में सम्पन्न होने जा रहा है श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान। 31 मार्च को श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागरजी का 18 वा आचार्य पदारोहण दिवस मनाया जाएगा। **-डॉ. सुनील जैन संचय**

पं. प्रद्युम्न कुमार शास्त्री जयपुरप्रतिष्ठा मार्तण्ड की उपाधि से सम्मानित

धोद (विश्व परिवार)। श्री दिगम्बर जैन मंदिर धोद सीकर राजस्थान में श्री सिद्धचक्र महामण्डल का ऐतिहासिक आयोजन दिनांक 17 से 25 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया जिसमे लगभग 500 इन्द्र- इन्द्राणियो ने भक्ति-भाव से सिद्धों की पूजा अर्चना की। विधान की विशेषता ये रही कि इसमे देश के कौने कौने से भक्त पहुचे थे।दिल्ली, मुम्बई, बैगलूर, कोलकाता, इम्फाल, जयपुर, सीकर, गोहाटी आदि से आकर भक्तो ने कार्यक्रम को ऐतिहासिकता प्रदान की। सम्पूर्ण कार्यक्रम को पं प्रद्युम्न कुमार जैन शास्त्री मोहनबाडी जयपुर ने अपने कुशल निर्देशन से भव्यता एवं दिव्यता प्रदान की। विधान की परिसमाप्ति एवं विश्वशान्ति महायज्ञ पूर्णाहुति के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज धोद द्वारा प्रभावना जनकल्याण परिषद के महामंत्री पं प्रद्युम्न कुमार जैन शास्त्री जयपुर को उनके प्रभावी विधानाचार्यत्व अनुशासन एवं मार्गदर्शन के लिए प्रतिष्ठा मार्तण्ड की मानद् उपाधि से सम्मानित किया गया।। इस अवसर पर श्री स्वरूपचंद काला गुवाहाटी, विजय कुमार पाटनी कोलकाता, ज्ञानचंद काला दिल्ली, संपतकुमार पाटनी मुम्बई, विजय कुमार सेठी जयपुर, महेश कुमार काला इंफाल, संजय कुमार काला सूरत सुशील पाटनी धोद, कैलाश चंद काला धोद, रमेश काला धोद, राजेश सेठी धोद आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित रहे। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पारस टी वी चैनल पर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुम्बई के श्रेष्ठी श्री सम्पत जी पाटनी ने किया। इस उपलब्धि पर देश एवं प्रदेश की विभिन्न संस्थाओ के पदाधिकारियो ने पं प्रद्युम्न कुमार जी शास्त्री को बधाई एवं शुभकामनाऐ प्रेषित की हैं। **-डॉ. सुनील जैन संचय**

मधुवन में वर्षों बाद निकली अंष्टानिका महापर्व के समापन की रथयात्रा

बंगाल विहार उड़ीसा तीर्थ क्षेत्र कमेटी के नये नेतृत्व में कुछ करने की लगन दिख रही हैं : विजय धुर्रा

फाल्गुन महोत्सव में देशभर से उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

मधुवन शिखर जी (विश्व परिवार)। श्री शस्वत तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी में अंष्टानिका महापर्व के पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी के आशीर्वाद से आयोजित श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर बंगाल विहार उड़ीसा तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तत्वावधान में भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रथयात्रा फाल्गुन महोत्सव के रूप में आयोजित की गई।

इसके पहले तेरह पंथी कोठी स्थिति मूलनायक भगवान श्री पुष्पदंत स्वामी का अभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा परम पूज्य उपाध्याय श्री विभ्जन सागर जी महाराज के श्री मुख से की गईजिसका सौभाग्य तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष अजीत पंड्या कोल्कता जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष हुकम काका कोटा राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हरसौरा परिवार कोटा मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा अशोक नगर राजेश कुमार शिवपुरी मध्यप्रदेश के साथ ही अन्य भक्तों द्वारा की गई।

तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रथयात्रा तेरह पंथी कोठी के मुख्य प्रांगण से हुई जहां रथ के सारथी वनकर रथ को चलाने का सौभाग्य तेरह पंथी कोठी के अध्यक्ष अजीत पंड्या कोल्कता को मिला वहीं भगवान को लेकर रथ में चलने का सौभाग्य जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष एवं सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ कर्ता परिवार राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हुकम काका प्रतीक हरसौरा परिवार कोटा को मिला तीर्थ राज में विराजमान सब साधु संतों के सान्निध्य में ये भव्य शोभायात्रा तेरह पंथी कोठी से बंगला जैन पथ भोमिया जी गुणायतन श्सवत तीर्थ होते हुए पाडूकशिला परिसर में पहुंच कर विशाल धर्मसभा में वदल गई।

जहां भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी तीर्थ वंदना के पूर्व सम्पादक विजय धुर्रा ने कहा कि वर्षो वाद तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी अंष्टानिका महापर्व के समापन पर रथयात्रा निकाली जा रही है इससे नवीन कमेटी के कार्य करने की इच्छा शक्ति का पता लगाया है इस वर्ष अंष्टानिका महापर्व पर सिद्ध चक्र महा मंडल विधान विश्व शांति कराने का सौभाग्य भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुकम काका राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी प्रतीक हरसौरा परिवार कोटा को मिला जहां विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर सवा करोड़ मंत्रों की आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना की गई जैन दर्शन ही ऐसा दर्शन हैं जहां कृत कारित और अनुमोदना के माध्यम से व्यक्ति अपने साथ दुसरो के मंगल की कामना हर अनुष्ठान में करता रहता है। **-विजय धुर्रा**

गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाओं में गूंजे श्रद्धा एवं आस्था के जयकारे, गर्भपात महापाप : आचार्य श्री सुनीलसागर जी

वैशाली नगर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन

जयपुर (विश्व परिवार)। वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल स्थित जनक पैराडाइज में आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम तल पर नवनिर्मित जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाएं सम्पन्न हुई। इस दौरान इन क्रियाओं को देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र बडजात्या ने बताया कि सुबह महोत्सव के तहत जिनेंद्र दर्शन, ध्यान, प्रार्थना व शांति जाप्य के बाद शांति हवन हुआ। इसके बाद साजों के बीच पंडित मनोज शास्त्री सागर वालों ने व संगीतकार राजकुमार एंड पार्टी ने पूजा करवाई। इस अवसर पर पर सौधर्म इन्द्र प्रवीण-प्रिया बड़जात्या, महायज्ञनायक राजेश-समता पाटनी सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से गर्भ कल्याणक की पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने वीरा प्रभु के ये बोल...महावीरा से ध्यान लगाना... जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। इसके बाद तीर्थकर माता का जागरण, माता की गोद भराई, माता का कुमारिकों द्वारा स्नान, देवदर्शन, स्वप्न फल सहित अनेक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर हुई धर्म सभा में आचार्यश्री ने सभी लोगों को यह संकल्प दिलाया कि गर्भपात नहीं करेंगे, गर्भ में बेटियों को नहीं मारेंगे, यह महा पाप है। आचार्य श्री ने कहा कि महावीर स्वामी का दृष्टिकोण बहुत बड़ा था उन्होंने जीव मात्र के कल्याण के लिए कदम उठाए। तीर्थंकर बनते ही वो लोग हैं जो जीव मात्र के कल्याण की भावनाऐं भाते हैं। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रशासनिक अधिकारी डॉ. समित शर्मा ने माता के 16 स्वप्नों के ऊपर बहुत ही सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया। इस दौरान लोकसभा में जयपुर ग्रामीण से भाजपा के प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह, विधायक कालीचरण सराफ, आरसी शर्मा, सुधांशु कासलीवाल, विनोद जैन %कोटखावदा%, पी सी छाबड़ा, भारत भूषण जैन नेआचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

भगवान की माता त्रिशला देवी की हुई गोद भराई: इसके बाद दोपहर में समाजबंधुओं ने माता की गोद भराई की। प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान की माता बनी संतोष पाटनी जो कि महावीर भगवान की माता त्रिशला देवी का रूप धारण किए हुए हैं भगवान के गर्भ में आने के कारण गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ तो सभी लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर गोद भराई की। संगीतकार रामकुमार के मधुर संगीत के साथ गोद भराई में होड़ सी मच गई।

दादी जानकी की गणना विश्व के दस प्रमुख बुद्धीजिवियों में होती थी : सविता दीदी

दादी जानकी जी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई

दादी जानकी जी को मोस्ट स्टेबल माईण्ड इन द वर्ल्ड का खिताब मिला था

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई। विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित समारोह में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर दादी जानकी का श्रद्धापूर्वक पुण्य स्मरण करते हुए ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि वह ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में से एक थीं। दादी जी विश्व के उन दस प्रमुख बुद्धीजिवियों (Keepers of Wisdom) में शामिल थी जिन्हें वर्ष 1992 में रियो-डि-जेनरियो में सम्पन्न प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन (First Earth Summit) में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनोनीत किया गया था। भारत देश से सिर्फ दो लोगों को यह सौभाग्य मिला था जिनमें से एक दादी जानकी और दूसरे बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा थे।

उन्होंने आगे बतलाया कि दादी जी ने राजयोग की अपनी उपलब्धियों से दुनिया के वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। आस्ट्रेलिया की युनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, अमेरिका की युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेनफ्रान्सिस्को की युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी प्रख्यात संस्थाओं ने वैज्ञानिक परीक्षण में देखा कि परस्पर वार्तालाप करते हुए तथा गणितीय प्रश्नों का समाधान करते हुए भी दादी जी के मस्तिष्क से हमेशा डेल्टा तरंगें ही प्रवाहित होती हैं। जबकि सामान्यत- गहन विश्राम अथवा निद्रा की अवस्था में ही डेल्टा तरंगे (सबसे धीमी तरंगे Slowest Brain Waves) निकलती हैं। इस प्रकार का परीक्षण वैज्ञानिकों ने विभिन्न योगियों के साथ किया किन्तु कहीं पर भी ऐसा अद्भुत परिणाम देखने को नहीं मिला। फलस्वरूप वैज्ञानिकों ने उन्हें सर्वाधिक स्थिर चित्त महिला अर्थात मोस्ट स्टेबल माईण्ड इन द वर्ल्ड घोषित किया था। इतना ही नहीं उन्होंने अंग्रेजी का ज्ञान नही होने के बावजूद लन्दन में रहकर विदेश में संस्थान की सेवाओं का विस्तार किया। उन्हीं के सद्प्रयासों से आज ब्रह्माकुमारी संस्थान की शाखाएं विश्व के 140 देशों में कार्यरत हैं।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकार का जागरूकता दिवस मनाया गया

रायपुर (विश्व परिवार)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिपेक्षय में जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है, जिसमें दस्तावेजों का पंजीयन, ट्रेडमार्क, पेटेन्ट और कॉपी राईट समय की मांग दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा पेटेन्ट कराने के लिए की मार्गदर्शिका के अनुसार भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। नियमानुसार प्रकाशन के दो साल बाद साईटेशन होता है। जागरूकता दिवस पर उन्होंने पेटेन्ट की महत्वपूर्ण उपयोगिता बताई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पेटेन्ट का इतिहास पुराना है। 1400 ईस्वी में भवन डिजाइनरों के द्वारा पेटेन्ट का उपयोग किया गया। जहां-जहां भी पेटेन्ट किया गया वहां विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पेटेन्ट का मतलब जनता के लिए जानकारी को विस्तारित करना है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रकोष्ठ की स्थापना हुई है, विश्वविद्यालय में किस्मों को जी.आई. टैग मिला है तथा पेटेन्ट की विधि को सरल किया गया है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में व्याख्यान देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एस.व्ही. वेरूलकर ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के अनुसार बौद्धिक सम्पदा का अधिकार व्यक्ति के मस्तिष्क में सृजन और उसके उपयोग के दस्तावेजीकरण से जुड़ा है। उन्होंने पेटेन्ट में कॉपिराईट, ट्रेडमार्क, जी.आई. टैग को शामिल किया है। उन्होंने भारतीय पेटेन्ट अधिनियम 1970 की जानकारी दी तथा मूल्य संवर्धन और पेटेन्ट की विस्तृत प्रक्रिया बताई। इसी सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने व्याख्यान देते हुए बताया नवाचार से नये-नये तरीके ज्ञात होते हैं। इन तरीकों का व्यावसायीकरण जरूरी होता है। उन्होंने नवाचार प्रक्रिया में अनुसंधान और विकास संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, उद्योगों द्वारा किये जाने वाले अनुसंधान, नवाचार, विकास, पेटेन्ट, उत्पादन, विपणन तथा अंगीकरण के संबंध को बताया। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में उन्होंने भारत सरकार के पेटेन्ट जानकारी केन्द्र, ज्ञान - राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन अहमदाबाद, राज्य सरकार के नवाचार निधि कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एम.एस.एम.ई.) के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में प्रकाशन का चौथा स्थान है जबकि साईटेशन 9वें स्थान पर है तथा पेटेन्ट दर्ज कराने में 40वें स्थान पर है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शुक्रवार 29 मार्च 2024

संक्षिप्त समाचार

महापौर सफीरा साहू और एम आई सी यशवर्धन राव सेमत कांग्रेसी बीजेपी में शामिल

जगदलपुर(विश्व परिवार)। आर एन एस पिछले एक हफ्ते से चल रही सियासी उठा पटक का अंत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बस्तर प्रवास दौरान हो गया। नगर निगम में महापौर सफीर साहू एम आई सी यशवर्धन राव समेत कई कांग्रेसी आज भाजपा में शामिल हो गए। दरअसल महापौर व अन्य कांग्रेसियों के भाजपा में शामिल होने की पुख्ता सूचनाएं एक हफ्ते से आ रही थी लेकिन इनके भाजपा ज्वाइन करने के लिए उचित अवसर का इंतजार हो रहा था। अब सबसे बड़ा झटका आज कांग्रेस को उसे समय लगा जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी जगदलपुर में मौजूद हैं। वह कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मंत्री कवासी लखमा का नामांकन भरवाने के लिए आए हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने पूरी 11 सीट जीतने का प्रण लिया हुआ है।

स्वीप सहेली घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

कांकेर(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत 'स्वीप सहेली' के रूप में कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव के विभिन्न पारा-टोला में घूम-घूमकर 'चलो मतदान की ओर' का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अनिवार्य रूप से वोट करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

धवलपुर तालाब में डूबने से दो छात्र की मौत

गरियाबंद(विश्व परिवार)। गरियाबंद जिले के ग्राम धवलपुर में एक बड़ी घटना घट गई जिसमे तलाब नहाने गए दो बच्चो के तलाब में डूबने से मौत हो गई।घटना मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धवलपुर का है जहा बुधवार को तालाब में नहाने गए दो छात्र की डूबने से मौत हो गई घटना की जानकारी लगते ही भारी भीड़ तालाब में लगी हुई है। जिसमे मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130 मैनपुर गरियाबंद मार्ग में बसा ग्राम धवलपुर में आज बुधवार को दोपहर 12 बजे के आसपास पांच दोस्त तालाब में नहाने गए थे।और नहाने के दौरान दो छात्र की डूबने से मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंच गई और पुलिस जवानों के साथ ग्रामीणों के सहयोग से तलाब में डूबे दोनो बच्चो को बाहर निकालकर पंचनामा बनाए और दोनो मृतक को मैनपुर अस्पताल ले गए।

इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैटरी फटी,युवती झूलसी

सूरजपुर(विश्व परिवार)। सूरजपुर के ग्राम चंद्रपुर में मंगलवार रात इलेक्ट्रिक स्कूटरी की बैटरी ब्लास्ट हो गई। विस्फोट इतना जोरदार हुआ कि घर की दीवारों में दरार आ गई साथ ही धमाके के बाद घर में आग लग गई, जिसमें एक युवती बुरी तरह से झुलस गई, वहीं उसकी छोटी बहन को मामूली चोट लगी है। युवती को इलाज के लिए पहले सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया, वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना इलाके के ग्राम चंद्रपुर में मार्केटिंग का काम करने वाली युवती पार्वती सिंह (22) ने मंगलवार रात 9 बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैट्री निकाली तथा कमरे के अंदर चार्ज पर लगा दिया। पास ही वह खाना बना रही थी। उसके साथ रहने वाली छोटी बहन चंद्रवती वहीं बिस्तर पर लेटी थी। कुछ देर बाद स्कूटी की बैटरी से उसने धुआं निकलते देखा, तो उसने चार्जर का स्विच बंद किया। चार्जर का स्विच बंद करते ही स्कूटी की बैट्री में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद घर में आग लग गई। पार्वती आग की चपेट में आकर झुलस गई उसके दोनों हाथ और पैर गंभीर रूप से झुलस गए साथ ही चेहरे का कुछ हिस्सा भी झुलस गया हैं। वहीं चंद्रवती को मामूली चोट आई। कुछ दूर रहने वाले रिश्तेदारों ने नजार देखा तो तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मतदाताओं को जागरुक करने नागरिकों ने लगाई मैराथन दौड़

जिले के सभी विकासखंडों में हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन

दौड़ लगाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर बुधवार को जिले के सभी विकासखंडों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा, महिला, पुरूष सहित सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत दौड़ लगायी साथ ही मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। इसी तारतम्य में 27 मार्च बुधवार को जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राए व ग्रामीणजन शामिल हुए। मैराथन दौड़ अंतर्गत महिला वर्ग में प्रथम स्थान जागेश्वरी यादव, दितीय स्थान जमोत्री पटेल एवं तृतीय संगीता निर्मलकर इसी प्रकार बालिका वर्ग प्रथम कनिष्का भोई, द्वितीय निशा पटेल एवं तृतीय आसमा यादव एवं बालक वर्ग करन सांडे, सुयन्शु सिंह, केशव कुमार को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार अकलतरा विकासखंड स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 2 किमी मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। मैराथन में विशाल पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकासखंड पामगढ़ में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मैराथन में बड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं ने भाग लिया और उन्होंने इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली। मैराथन में महिला वर्ग में प्रथम स्थान परमेश्वरी रात्रे, दूसरा स्थान कल्पना कश्यप और तीसरा स्थान चंद्रकला ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान चंद्रप्रकाश रात्रे, दूसरा स्थान दिनेश कश्यप एवं तीसरा स्थान चंद्रिका प्रसाद ने प्राप्त किया। विकासखंड नवागढ़ के अंतर्गत मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाए। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। इसलिए हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करे। मैराथन में प्रथम स्थान छोटेलाल, द्वितीय स्थान दुर्गेश साहू एवं तीसरा राहुल साहू को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार विकासखंड बम्हनीडीह में स्वीप कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं, नागरिकों, ग्रामीणों, अधिकारी कर्मचारियों ने मैराथन दौड़ लगाई। बालक वर्ग में प्रथम स्थान वासूसिंह, द्वितीय स्थान पंकज पटेल एवं तृतीय स्थान देवेन्द्र बरेठ वहीं बालिका वर्ग में आंचल साहू, द्वितीय स्थान विद्या सिदार एवं तृतीय स्थान सुप्रिया सिदार को प्राप्त हुआ। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है, इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें - कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिले के बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे अधिकारियो कर्मचारियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री साहू ने सुबह सबसे पहले बरमकेला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बार में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने निर्वाचन प्रशिक्षण से जुड़े सभी कक्षा में जाकर निरीक्षण करते हुए शिक्षक और मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध मे वार्तालाप किया। मास्टर ट्रेनर से कलेक्टर ने निर्वाचन प्रशिक्षण के एक-एक चीजों के बारे में पूछा।कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें। बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार के प्रशिक्षण में कुल दोनों पाली मिलाकर लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 4 कैमरा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आचरण संहिता से लेकर वोटिंग के नियमों को प्रशिक्षण में भी मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी बतायी जा रही है। ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक जानकारिया नोट भी कराया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखने, मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर हरिशंकर चौहान परियोजना निदेशक, कोमल प्रसाद साहू तहसीलदार,सहायक नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) नरेश कुमार चौहान, लक्ष्मी नारायण पटेल,पदुमलाल पटेल प्राचार्य, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

यातायात नियमों का उल्लंघन, 188 चालकों का लायसेंस निलंबित

कोरबा(विश्व परिवार)। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया गया है। लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करते हुए कुल 188 लोगों पर किया गया इनमें :-शराब पीकर वाहन चलाना- 134,ओवर स्पीड वाहन चलाना- 16, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना- 32, धारा 304 भादवि के तहत- 06 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम में आवश्यक व्यवस्था व तैयारियों का लिया जायजा

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी दीपक कुमार अग्रवाल ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा ने की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। कलेक्टर ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया।उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसी टीवी कैमरा लगाए गए है, साथ ही ईव्हीएम कन्ट्रोल रूम,पेयजल,टायलेट,बैरिकेटिंग,शाईनेज,फायर अलार्म, सहित अन्य व्यवस्थाओं के अलावा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीमों एवं उनके कार्यों की जानकारी दी गई।इस दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, एलमंडी परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है।इस अवसर पर एसडीएम विशाल महाराणा, अर्पिता पाठक,हितेश पिस्दा,लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता शर्मा,एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नरेश देवांगन

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा जिले के कटघोरा विधानसभा अंतर्गत छुरी के निवासी व प्रतिष्ठित व्यवसायी तथा कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं में शुमार रहे नरेश देवांगन ने अंतत: कांग्रेस छोडकर बीजेपी ज्वाइन कर लिया है। पिछले दिनों भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय और उनकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान उपस्थित लोगों के समक्ष नरेश देवांगन ने सरोज पांडेय को समर्थन देते हुए भाजपा में जाने का निर्णय लिया। सरोज पांडेय ने नरेश देवांगन को भाजपा में प्रवेश कराया है। यह सारा राजनीतिक घटनाक्रम व अन्य कांग्रेसी नेताओं को इसकी जानकारी भी नहीं लग पाई। बता दें की कांग्रेसियों के भारतीय जनता पार्टी में ऐन चुनाव के वक्त प्रवेश को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। पाली में हुए घटनाक्रम से भाजपा ने सबक ली है। इसके बाद कुसमुंडा में करीब 1200 लोगों का होने वाला भाजपा प्रवेश रद्द करना पड़ा। कटघोरा विधानसभा के कांग्रेस नेताओं के प्रवेश को लेकर एक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा अंदरूनी तौर पर तैयार की जा रही थी लेकिन जगह-जगह पर भाजपाईयों के द्वारा ही कथित कांग्रेसियों के प्रवेश को लेकर शुरू होने वाले विवादों के मद्देनजर भाजपा ने फूंक-फूंक कर कदम रखने की ठानी है। नरेश देवांगन का बिना किसी ताम झाम के और बड़े ही गोपनीय तरीके से भाजपा में प्रवेश होना इसका एक हिस्सा है।सूत्र बताते हैं कि नरेश देवांगन पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कोरबा प्रवास के दौरान उनके निवास स्थान अथवा प्रतिष्ठान के समक्ष स्वागत सत्कार के लिए नहीं रुकने के कारण नाराज चल रहे हैं। उनकी यह नाराजगी और संगठन में घट रही पूछ परख ने काफी आहत किया और कांग्रेस छोडने का निर्णय उन्होंने लिया।सूत्रों के मुताबिक कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा शहर व छुरीकला नगर पंचायत क्षेत्र से कुछ और बड़े कांग्रेसियों के नाम सामने आ रहे थे जो भाजपा में जाने को तत्पर रहे लेकिन कानों कान खबर है कि डैमेज कंट्रोल करने में कांग्रेस के नेता सफल रहे हैं। ऐसे नाराज व असंतुष्ट नेताओं को मनाने का काम हो चुका है और वह फिलहाल कांग्रेस से प्रति अपनी निष्ठा जाहिर किए हुए हैं। अब देखना यह है कि पूरे चुनाव तक यह निष्ठा कायम रहती है या इनकी नाराजगी को फिर से हवा देकर सत्ता की लहर में कदम डगमगाने के लिए विवश कर दिया जाएगा।

सभी मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे- कलेक्टर

सुव्यवस्थित मतदान हेतु मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

सुकमा(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशन में मतदान अधिकारियों को सुव्यवस्थित मतदान हेतु आयोग के नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी मास्टर टेनर्स द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। बुधवार को ट्रैनिंग का पहला दिवस था। जिला मुख्यालय सुकमा में डीएवी स्कूल कुम्हारास में लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को हैंडल करने ईव्हीएम को सीलिंग करने, प्रपत्रों को भरने एवं सामग्री को व्यवस्थित कर जमा करने, मॉकपोल से लेकर मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण का लिया जायजा- कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने डीएवी स्कूल में पीठासीन अधिकारी एवं 1,2,3 मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान अधिकारी, मशीनों का सही तरीके से संचालित करने, सिलिंग करने जैसे तकनीकी कार्यों का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मशीन कनेक्ट कर मतदान कराने से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में अच्छे से प्रशिक्षण लेने को कहा और किसी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनरों से साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम, वीवीपैट को अच्छी तरह से कनेक्ट करना जरूरी है। मतदान से संबंधित सभी प्रक्रिया के दौरान पोलिंग एजेंट की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों से टेस्ट वोट, टेंडर वोट, घोषणा, मॉक पोल, रिपोर्टिंग के बारे में बताने के लिए कहा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास श्री शरत चंद शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रस्तुतीकरण के जरिए मतदान अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। मतदान दिवस एवं मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। मतदान अधिकारियो को अधिकृत वाहनो से ही ईवीएम मशीन लेजाने, मतदान दलो की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, डाक मतपत्र, ईडीसी सहित संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वो के बारे विस्तार से बताया गया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम मतदान दलों के रेंडमाइजेशन उपरांत, संलग्न सूची अनुसार सभी अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 1,2,3 के रूप में नियुक्ति की गई है। उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 मार्च, 28 मार्च, 30 मार्च एवं 01 अप्रैल 2024 को निर्धारित की गई है।

आईपीएल 2024 : चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 63 रनों से हराया

चेन्नई(एजेंसी)। यहां के एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2024 के सातवें मैच में दीपक चाहर ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के शुरुआती विकेट समेत दो शुरुआती झटके दिए, जिससे चेन्नई सुपर किंग्स ने 63 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सीएसके ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया और गुजरात टाइटंस को 63 रनों से हरा दिया, उन्हें 20 ओवरों में 143/8 रन पर आउट कर घरेलू मैदान पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अपने शीर्ष क्रम के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद उन्हें 206/6 का स्कोर बनाने में मदद मिली, चाहर ने तीसरे ओवर में घातक झटका देते हुए शुभमन गिल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, क्योंकि

अच्छी लेंथ पर पिच हुई गेंद थोड़ी नीची रही। 2022 के आईपीएल विजेता ने अपना पहला विकेट और इन-फॉर्म बल्लेबाज को आठ रन पर खो दिया। जैसे ही स्कोरबोर्ड का दबाव बढ़ा, गुजरात ने 28 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया। शिवम दुबे के 23 गेंदों में 51 रनों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा बनाए गए 207 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने में गुजरात विफल रहा। रचिन रवींद्र ने 46 रन और रुतुराज गायकवाड़ ने 35 गेंदों में 46 रन बनाए। चाहर (4 ओवर में 2-28) ने गुजरात के दूसरे सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को भी 17 में से 21 रन देकर तुषार देशपांडे को कैच थमा दिया। इस तरह पांचवें ओवर में गुजरात का स्कोर 34/2 हो गया। साहा ने अच्छी शुरुआत की थी, चार चौके लगाए, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सके, क्योंकि सीएसके ने उसी उच्च तीव्रता को बनाए रखा जो उन्होंने बल्लेबाजी करते समय पैदा की थी। गुजरात उन झटकों से उबरने में विफल रहा और नियमित अंतराल पर विकेट खोता रहा। चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाए रखने के लिए शानदार क्षेत्ररक्षण और कैचिंग भी की। रचिन रवींद्र ने तीन अच्छे कैच पकड़े, जबकि अजिंक्य रहाणे ने एक शानदार डाइविंग कैच पकड़कर स्टेडियम में खचाखच भरे हजारों सीएसके प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। गुजरात टाइटंस के लिए साईं सुदर्शन ने 31 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 37 रन बनाए, जबकि डेविड मिलर ने 16 गेंदों में 21 रन बनाए और स्कोरिंग दर को बढ़ाने की कोशिश में ये दोनों आउट हो गए। गुजरात टाइटंस आखिरकार 20 ओवरों में 143/8 पर सिमट गए। चाहर ने 2-28 का दावा किया और मुस्तफिजुर रहमान ने 2-30 विकेट लिए, तुषार देशपांडे 2-21 के साथ सीएसके के लिए दिन के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए।

एलन मस्क ने सोचा था ओपनएआई फेल हो जाएगी: सैम ऑल्टमैन

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन का कहना है कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोचा था कि चैटजीपीटी-मेकर कंपनी फेल हो जाएगी। इसलिए उन्होंने अलग होने का फैसला किया। पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू में सैम ऑल्टमैन ने कहा, एलन मस्क ने सोचा कि ओपनएआई असफल (फेल) होने वाली है। वह इसे बदलने के लिए पूर्ण नियंत्रण चाहते थे। हम उस दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहते थे जो अब ओपनएआई बन गई है। वह यह भी चाहते थे कि टेस्ला एक एजीआई प्रयास बनाने में सक्षम

हो। सैम ऑल्टमैन ने आगे बताया, कई बार वह ओपनएआई को एक लाभकारी कंपनी बनाना चाहते थे, जिसका कंट्रोल उनके पास हो या इसका टेस्ला के साथ विलय हो सके। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे और उन्होंने जाने का फैसला किया, जो ठीक है। सैम ऑल्टमैन ने सुझाव दिया कि कंपनी अभी भी अपने मूल उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी लोगों को मुफ्त में शक्तिशाली तकनीक दे रही है। उन्होंने आगे बताया, हम अपने फ्री वर्जन पर विज्ञापन नहीं चलाते। हम इसे अन्य तरीकों से मुद्रीकृत नहीं करते हैं। हम बस इतना कहते हैं कि यह हमारे मिशन का हिस्सा है। हम लोगों के हाथों में अधिक से अधिक शक्तिशाली उपकरण मुफ़्त में देना चाहते हैं और उन्हें उनका उपयोग कराना चाहते हैं। हाल ही में, एलन मस्क ने ओपनएआई और ऑल्टमैन पर मुकदमा दायर किया था। एलन मस्क ने आरोप लगाया था कि उन्होंने एआई के आसपास अपने मूल संविदात्मक समझौतों का उल्लंघन किया है।

अल्काराज ने मोंफिल्स को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया

फ्लोरिडा(एजेंसी)। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने अनुभवी फ्रांसीसी खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया और उन्होंने प्रतिष्ठित 'सनशाइन' डबल को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। स्पैनियार्ड ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बना लिया और 37 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को दो बार तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने शानदार रैलियां निकालकर दर्शकों का मनोरंजन किया। 1 घंटे और 13 मिनट के बाद,

स्पैनियार्ड ने अपनी जीत का सिलसिला आठ जीत पहुंचा दिया । अल्काराज अब लोरेंजो मुसेटी से भिड़ेंगे। इटली के 23वें नंबर के खिलाड़ी ने 21 वर्षीय अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-4, 7-6(5) से हराया। स्पैनियार्ड आमने-सामने की भिड़ंत में मुसेटी से 2-1 से आगे है। इस बीच, करेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 5-7, 7-6(5) से हराकर चौथी बार मियामी ओपन राउंड 16 में प्रवेश किया। खाचानोव का सामना अब चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्हें 31वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी क्रिस यूबैंक्स को 7-6(4),6-3 से हराने के लिए लगभग दो घंटे लगे। दूसरे दौर में छठी वरीयता प्राप्त होल्गर रून को हराने के बाद, हंगरी के फैबियन मारोज़सन ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपिरिन को 7-5, 6-3 से हराकर राउंड 16 में पहुंच गए। इस जीत के साथ वह मियामी ओपन के बाद शीर्ष 50 में शामिल हो जायेंगे।

हम आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे : गौतम अदाणी

नई दिल्ली(एजेंसी)। अदाणी ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम केवल इस पीढ़ी और अगली पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अपने ग्रह की देखभाल करें। अदाणी ग्रीन एनर्जी ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रही है जो इस प्रतिबद्धता का सम्मान करती है। लंदन में साइंस म्यूजियम में एनर्जी क्रांति - अदाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी के उद्घाटन पर गौतम अदाणी ने कहा कि उनका हमेशा मानना था कि हमारा जीवन एक बड़ी कहानी का हिस्सा है। गौतम अदाणी ने कहा, यह एक ऐसी कहानी है जो हमारे पूर्वजों को जो कुछ भी पता था उसे उस भविष्य से जोड़ती है जिसे हम बनाना

चाहते हैं। हमें अपने सभी कार्यों में आने वाली पीढ़ी के लिए सपने गढ़ते समय अपने पूर्वजों की समझ का सम्मान करना चाहिए। गौतम अदाणी ने सभा को बताया, गुजरात के खावड़ा में हम दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रहे हैं। इसकी उत्पादन क्षमता 30 गीगावॉट होगी। इसका 538 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल पेरिस से पांच गुना से भी अधिक बड़ा है। उन्होंने आगे कहा, हम 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुंचने का भी लक्ष्य बना रहे हैं। यह इंग्लैंड के लगभग हर घर को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने जैसा होगा। कंपनी के अनुसार, एनर्जी क्रांति - अदाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी, एक निःशुल्क गैलरी है। यह गैलरी दिखाती है कि किस तरह इनोवेशन के माध्यम से अतीत, वर्तमान और भविष्य को आकार दिया जा सकता है। यह भी पता लगाते हैं कि हमारे ऊर्जा भविष्य (एनर्जी फ्यूचर) को तय करने में हम सभी की भूमिका कैसे है। गौतम अदाणी ने कहा कि यह नई गैलरी सिर्फ स्वच्छ हवा या तेल और गैस से दूर जाने के बारे में नहीं है। यह उस ऊर्जा परिवर्तन के बारे में है जिसकी हमें इस दुनिया को ज़रूरत है और यह उस क्रांति के बारे में है जो ऊर्जा की दुनिया में हो रही है। यह गैलरी स्पेशल है क्योंकि यह हमें सोचने, सपने देखने और बदलाव की कामना करने पर मजबूर करती है। यह हमें दिखाता है कि कैसे हमारी दुनिया, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारा अपना जीवन बेहतरी के लिए बदल सकता है। गौतम अदाणी ने कहा, साइंस म्यूजियम समूह के निदेशक सर इयान क्रेग ब्लैचफोर्ड ने इसे खूबसूरती से रेखांकित किया है। हमें उम्मीद है कि यह गैलरी लोगों को अभी और भविष्य में एक टिकाऊ दुनिया बनाने में मदद करेगी और प्रेरणा देगी।

कम ओवर रेट में फंसी जीटी, शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपए जुर्माना

बेंगलौर(एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान कम ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ष्टस्य के खिलाफ उनको स्लो ओवर रेट को दोषी पाया गया। आईपीएल की ओर से जारी आधिकारिक मीडिया रिलीज में बताया गया है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर 26 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के

खिलाफ आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति (स्लो ओवर रेट) बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध है तो उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगेगा। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच 6 रनों से जीता था। गिल ने मैच के बाद कहा, 'उन्होंने (सीएसके) बल्लेबाजी में हमें पछाड़ दिया और फिर जब वे गेंदबाजी कर रहे थे तो उनका काम बहुत बढ़िया रहा।'

विक्स का भारत के लिए इनोवेशन लगातार जारी; पेश किया नया विक्स रोल-ऑन, जो फ़ास्ट एक्शन के साथ केवल 2 मिनट में दे सिरदर्द से राहत

नईदिल्ली (एजेंसी)। विश्व में सबसे ज़्यादा बिकने वाला कफ एवं कोल्ड ब्रांड, विक्स राहत प्रदान करने और देखभाल की अपनी 125 सालों से ज्यादा लंबी विरासत के साथ बेहतर उत्पाद प्रदान करने के लिए लगातार इनोवेट कर रहा है, ताकि उनकी मदद से परिवार और दोस्त एक दूसरे का ख्याल रख सकें। आज इस ब्रांड ने सिरदर्द से जल्द राहत के लिए नया विक्स रोल-ऑन पेश किया, जो सिरदर्द से तुरंत राहत प्रदान करता है। यह नींद न आने की समस्या के लिए विक्स (दुनिया के स्न1 स्लीप एड ब्रांड की ओर से) और विश्व में इसके पहले स्टीम इनहेलेशन कैप्सूल, न्यू विक्स वेपोरब स्टीम पॉड्स, के लॉन्च के बाद भारत में पिछले 12 महीनों में विक्स का तीसरा इनोवेशन है। पी एंड जी इंडिया के कैटेगरी लीडर, कंज्यूमर हेल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा, विक्स कई पीढ़ियों से भारतीयों को सर्दी, खाँसी और फ्लू के लक्षणों से आराम दिलाता आया है। हम अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को सुनकर उनके अनुरूप अपने उत्पादों का निर्माण और पैकेजिंग करके इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें सर्दी और खाँसी के साथ होने वाले सिरदर्द से तुरंत राहत देने के लिए अपना नया विक्स रोल-ऑन पेश करने पर गर्व है। सिरदर्द लोगों को कभी भी हो सकता है, जिससे उन्हें बेचैनी होती है और उनकी काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। नया विक्स रोल-ऑन खास भारतीयों के लिए बनाया गया है, जो केवल 2 मिनट में फास्ट एक्शन के साथ काम करना शुरू कर देता है, और अपनी रोलर बॉल टेक्नोलॉजी और नॉन-ग्रीज़ी फ़ॉर्मूला की मदद से ऑन-द-गो रहते हुए भी सिरदर्द से राहत देता है। डॉ. जसप्रीत कोचर, डायरेक्टर, विक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा, नया विक्स रोल-ऑन एक बेहतरीन फॉर्मूला है, जो पुदीना (मेंथल) और कर्पूर (कपूर) जैसे आयुर्वेदिक तत्वों की शक्ति के साथ भारतीयों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। यह अचानक शुरू होने वाले सिरदर्द से तुरंत, प्रभावशाली और ऑन-द-गो राहत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि सिरदर्द से आपका दैनिक कामकाज प्रभावित ना हो।

पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

नईदिल्ली (एजेंसी)। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के सबसे बड़े बाजार महाराष्ट्र में जनवरी, 2024 तक स्टोरों की संख्या के मामले में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड के इनीशियल पब्लिक ऑफर में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 8,500 मिलियन रुपए तक है और 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 2,500 मिलियन रुपए है। कुल ऑफर आकार में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 11,000 मिलियन रुपए तक हैं। बिक्री के प्रस्ताव में एसवीजी बिजनेस ट्रस्ट (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 10 रुपए के फेस वैल्यू के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 2,500 मिलियन रुपए तक हैं। आईपीओ के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग महाराष्ट्र में 12 नए स्टोर स्थापित करने, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए किया जाना प्रस्तावित है। जनवरी, 2024 तक स्टोरों की संख्या के मामले में पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड महाराष्ट्र के प्रमुख संगठित आभूषण खिलाड़ियों में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, जो भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 23 के बीच राजस्व वृद्धि के आधार पर, कंपनी भारत में प्रमुख संगठित आभूषण खिलाड़ियों के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड भी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 23 के बीच 56.50त्न की ईबिटा वृद्धि हासिल की और साथ ही वित्त वर्ष 23 में प्रति वर्ग फुट उच्चतम राजस्व हासिल किया, जो भारत में प्रमुख संगठित आभूषण खिलाड़ियों में सबसे अधिक है।

व्यापार समाचार

एप्पल,मेटा और गूगल की मुश्किलें बढ़ी ईयू ने इस मामले में शुरू की जांच

नई दिल्ली(एजेंसी)। यूरोपियन यूनियन एंट्रीट्र्स्ट रेगुलेटर ने ईयू टेक नियमों के संभावित उल्लंघनों के लिए एपल, अल्फाबेट के ञ्ञ्ड्ढ और मेटा प्लेटफॉर्म में डिजिटल मार्केट एक्ट के तहत अपनी पहली जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले को लेकर यूरोपीय संघ के कार्यकारी का बयान सामने आया है। कार्यकारी ने बयान में कहा, (यूरोपीय) आयोग को संदेह है कि इन कंपनियों द्वारा उठाए गए कदम डिजिटल मार्केट एक्ट के तहत उनके दायित्वों का पालन नहीं करते हैं। ईयू प्रतियोगिता प्रवर्तक गूगल प्ले में स्टीयरिंग पर अल्फाबेट के नियमों की जांच करेगा। इसके साथ ही गूगल सर्च पर खुद को प्राथमिकता देने को लेकर भी जांच होगी। इसके अलावा, ऐप स्टोर में स्टीयरिंग पर एपल के नियमों और चयन स्क्रीन के लिए सफार की जांच भी की जाएगी। मेटा के 'भुगतान या सहमति मॉडल' को लेकर भी ईयू अपनी जांच करेगा। कमिशन ने वैकल्पिक ऐप स्टोर के लिए एपल के नए फी स्ट्रक्चर और अमेजन की इसके मार्केट प्लेस में रैंकिंग प्रैक्टिस को लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, यूरोपीय यूनियन का बड़ी टेक कंपनियों (एपल, गूगल और मेटा) पर आरोप है कि कंपनियों ने अपने दबदबे का गलत फायदा उठाया है। अमेरिकी और यूरोपीय रेगुलेटरों का दावा है कि ये कंपनियां अपने आसपास ऐसा माहौल तैयार करती हैं जिसमें ग्राहकों के लिए किसी दूसरी प्रतिद्वंद्वी सेवाएं देने वाली कंपनियों पर स्विच करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है। इन कंपनियों की वजह से छोटी कंपनियों को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका का फेडरल ट्रेड कमीशन (स्नञ्जष्ट) अमेरिका की चार बड़ी टेक कंपनियों- अमेजन, एपल, गूगल और मेटा के खिलाफ जांच कर रहा है।

सीसीपीए और एएससीआई ने भारत में विज्ञापनों के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए साझेदारी की

नईदिल्ली (एजेंसी)। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के समान लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करते हैं। एएससीआई और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) दोनों के मिशन का केंद्रीय तत्व भ्रम फैलाने वाले, गुमराह करने वाले और झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों के मामले में उपभोक्ता के हितों का संरक्षण करना है। गौरतलब है कि विज्ञापन के क्षेत्र में एएससीआई के कोड और उससे जुड़े दिशानिर्देश केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की कई गाइडलाइंस से तालमेल रखते हैं। इसमें गुमराह करने वाले विज्ञापनों, डार्क पैटर्न, विज्ञापनों के प्रसार में शामिल सेलिब्रिटीज, कोचिंग संस्थाओं, किसी प्रॉडक्ट के इस्तेमाल से स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा मिलने के झूठे दावे और अन्य मामलों से संबंधित दिशा-निर्देश शामिल हैं। एएससीआई और सीसीपीए की भागीदारी में सीसीपीए ने यह पहचान की है कि एएससीआई की किसी संहिता का उल्लंघन संभावित रूप से उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 और उससे संबंधित दिशानिर्देशों का उल्लंघन भी हो सकता है। इसलिए सीसीपीए ने एएससीआई से किसी भी ऐसे गुमराह करने वाले विज्ञापनों को उचित कार्रवाई के लिए उसके पास आगे भेजने का अनुरोध किया है, जो एएससीआई के कोड का पालन नहीं करते और इनसे संभावित रूप से उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 और उससे संबंधित गाइडलाइंस का उल्लंघन हो सकता है। एएससीआई की ओर से उठाए गए झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों पर सीसीपीए द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अनुसार सख्ती से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

यूआईडीएआई द्वारा अबाध्य एईपीएस ट्रांसैक्शन के लिए L0 फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण डिवाइस को रुा डिवाइस में अपग्रेड करना हुआ अनिवार्य

मुंबई (एजेसी)। भारत का अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनियरबाय अपने सभी रिटेलर्स के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है जिसके अनुसार अब मौजूदा L0 फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण डिवाइस को L1 डिवाइस में अपग्रेड करना अनिवार्य है। यह अपग्रेड भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी हालिया दिशानिर्देशों के अनुपालन में है। निर्देश के अनुसार, सभी मौजूदा रु0 डिवाइस कुछ महीनों में निष्क्रिय हो जाएंगे। नतीजतन, इस समय सीमा के बाद एईपीएस ट्रांसैक्शन L0 डिवाइस के माध्यम से संभव नहीं हो सकेंगे। समय सीमा के बाद, L0 डिवाइस इस्तेमाल करने वाले रिटेलर्स अपने एईपीएस व्यवसाय और संभावित आय को जोखिम में डाल सकते हैं। L1 बायोमेट्रिक डिवाइस एक कॉम्पैक्ट और सुरक्षित समाधान के रूप में कार्य करता है, जो पेनियरबाय ऐप के साथ ब्लूटूथ द्वारा आसानी से जुड़ जाता है। यह डिवाइस यूआईडीएआई के नए नियमों का पालन करता है और एईपीएस ट्रांसैक्शन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पेनियरबाय भी अपने रिटेलर्स को इस निर्देश के पालन की सलाह दे रहा है ताकी वे जल्द से जल्द अपग्रेडेड L1 डिवाइस खरीदें और एईपीएस सेवाओं में व्यवधान से बचें ।

पहले दो महीने में चीन में संचार उद्योग की शुरुआत स्थिर रही

बीजिंग(एजेंसी)। चीनी उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी से फ़रवरी तक चीन का संचार उद्योग आम तौर पर स्थिर रहा, दूरसंचार व्यवसाय की कुल मात्रा में दोहरे अंकों की वृद्धि बनी हुई है। चीन में 5जी यूजरों की संख्या आधी है, और गीगाबिट यूजर एक-चौथाई से अधिक हैं। आंकड़ों के अनुसार फरवरी के अंत तक, तीन बुनियादी दूरसंचार कंपनियों और चाइना ब्रॉडनेट ने कुल 1.746 अरब मोबाइल फोन यूजर जोड़े हैं, जिनमें से 5जी यूजर 85.1 करोड़ तक पहुंच गए हैं, जो 48.8 प्रतिशत है। तीन बुनियादी दूरसंचार कंपनियों ने 64.3 करोड़ फिक्स्ड एक्सेस ब्रॉडबैंड यूजर जोड़े हैं, जिनमें 17.2 करोड़ गीगाबिट यूजर शामिल हैं,

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

कलेक्टर, एसएसपी ने मध्यान्ह भोजन चखकर जानी गुणवत्ता

रायपुर (विसं)। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह ने आज शासकीय प्राथमिक शाला एवं आँगन बाड़ी केंद्र चिचोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चिचोली के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन खाकर मीड डे मील में मिलने वाले भोजन गुणवत्ता जाँची। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूरक पोषण आहार एवं नाश्तें की जानकारी ली। इस दौरान तिल्दा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री प्रकाश टण्डन तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

एनएमडीसी, बचेली ने जीता सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार

बचेली (विश्व परिवार)। बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स ने मुंबई में आयोजित 14वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार 2023-24 में 'स्ट्रॉन्ग कमिटमेंट टू एच आर एक्सिलेंस' पुरस्कार प्राप्त किया। बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स की ओर से यह पुरस्कार बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु एवं श्री धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि ने मानव संसाधन उत्कृष्टता के प्रति एनएमडीसी बचेली की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों द्वारा 25 करोड़ रुपए की नगदी और वस्तुएं जब्त

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है। राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक 5 करोड़ 28 लाख रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई हैं। इस दौरान 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त 16 लाख 96 हजार रुपए कीमत की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

बूथ विजय अभियान भाजपा शहर मंडल की बैठक में शामिल हुए काँग्रेस और निर्दलीय पार्षद

ऐतिहासिक मतों से सांसद संतोष पांडे को जिताने कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

कवर्धा (विश्व परिवार)। बूथ विजय अभियान के तहत स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल का बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से साँसद प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर वार्ड नं 13 से काँग्रेस पार्षद श्रीमती महिमा राजेश गुप्ता एवं निर्दलीय वार्ड 11 से पार्षद श्रीमती जानकी कपिल जायसवाल ने भाजपा की रीति नीति और मोदी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्षदो को गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी में कमल का निशान ही हमारा प्रत्याशी होता है, सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किये है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे। केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया, ष्ट्रुडु ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाये वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान, शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाये। मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है।

वही पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा। बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया। बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, महामंत्री संतोष पटेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, गणेश तिवारी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, मंडल महामंत्री रिंकेश वैष्णव, उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय, सालिक निर्मलकर, गोपाल साहू, भगवनतीं अहिरवार, पार्षद पवन देवांगन, प्रमोद शर्मा, अनिल साहू, देवा साहू अजय गुप्ता, डॉ कपिल चंद्रवंशी, रामकुमार ठाकुर दाऊ, राजेन्द्र सलूजा, सुशील तिवारी, जसवंत छाबड़ा, सुनील ठाकुर, सहित सभी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2024 पर सकल जैन समाज की सामूहिक सामयिक 12 अप्रैल को

रायपुर (विश्व परिवार)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति-2024 अंतर्गत भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक निमित्त रायपुर सकल जैन समाज के सभी श्री संघों द्वारा अपनी-अपनी परम्परा/मान्यता अनुसार सामायिक की आराधना एक साथ दिनांक 12/04/2024, शुक्रवार को एक स्थान जैन दादाबाड़ी पर एक समय सुबह 08:55 से 09:55 बजे तक सामूहिक रूप की जायेगी तदर्थ रुपरेखा निर्धारण व व्यवस्था को ध्यानार्थ करते हुए एक बैठक दिनांक 27/03/2024 को आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा,महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणोत, एवं लोकेश चंद्रकांत जैन, महावीर कोचर, विकास धाड़ीवाल, सिध्दार्थ डागा, गौरव दुगड़, आशीष जैन, जितेंद्र गोलछा (सुधर्म), राजेश रज्जन जैन, प्रणीत जैन, नेहा श्रीश्रीमाल, शोभा गोलछा, संध्या जैन, पुष्पा कोचर, शारदा बोथरा, श्रीकांता ढेलडिया की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर प्रभार वितरण किया गया साथ ही अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोलछा ने बताया की यह सामूहिक सकल जैन समाज सामायिक कार्यक्रम विगत 5 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है जिसमे राजधानी रायपुर से समय सकल जैन समाज एक ही जगह उपस्थित होकर सामायिक आराधना करते है इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्व ही भाती किया जा रहा है जिससे सकल जैन समाज को धर्म लाभ मिल सके। सामुहिक सामायिक का उद्देश्य समस्त सकल जैन समाज को धर्म के प्रति जोड़ते हुए एकता के सूत्र में पिरोकर पारस्परिक सौहार्द में अभिवृद्धि करना है साथ ही साथ सभी को इस वर्ष भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा धर्म लाभ मिले ऐसा उत्सव समिति का मूल का उद्देश्य है। -**प्रणीत जैन**

द.पू.म. रेलवे में 8 रेल अधिकारियों एवं 61 रेल कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) से सम्मानित किया गया

बिलासपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) का आयोजन आज दिनांक 28 मार्च, 2024 को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में अपरान्ह 02 बजे से किया गया। परम्परा एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आलोक कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा डा. श्रीमती वनिता जैन भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। साथ ही यूट्यूब लाइव के माध्यम से रेलकर्मियों के परिवारजन व नागरिक भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े रहे।

भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी। इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कषॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है। रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है।

इसी कड़ी आज आयोजित प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) समारोह में सर्वप्रथम परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि श्री आलोक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात उप महाप्रबंधक (सा.) श्री समीर कान्त माथुर के द्वारा सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत करते हुए भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह की बधाई देते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

हर मापदंड पर बेहतर कार्य के लिए बिलासपुर एवं नागपुर रेल मण्डल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया

देश की आर्थिक उन्नति, सामाजिक विकास तथा राष्ट्रीय एकता को बनाएं रखने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमनें 215 मिलियन टन माल लदान किया था। वर्तमान में अब तक हमनें 230 मिलियन टन की लोडिंग कर ली है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से इस वर्ष हम लोग रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गए लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। इसका सारा श्रेय आप सभी रेल कर्मवीरों को जाता है मैं इस अवसर पर आप सभी के परिवारजनों को भी हार्दिक बधाई देना चाहूंगाजिनके सहयोग व प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था। अपने 47 हजार से अधिक कर्मवीरों के कल्याण हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर प्रयत्नशील है। इस वित्तीय वर्ष में 2500 नये कर्मवीरों की नियुक्ति की गई.6 हजार से अधिक कर्मियों का पदोन्नत किया गया। E&cellence in Technical/ Professional Education के लिए रेल कर्मियों के 775 Eligible Wards को 1 करोड़ 38 लाख से अधिक की राशि की सहायता दी गई। रेलवे की सभी कॉलोनी में ओपन जिम एवं बच्चों के झूलों के लिए 1 करोड़ 75 लाख की राशि आवंटित की गई है।

इस वर्ष सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर के पैथोलॉजी लेबोटरी को National Accreditation Board For Testing and Calibration Laboratories से मान्यता मिली है। हॉस्पिटल में Admit ×ÚUèÁô´ ·¤ô Cross Infections से बचाव के लिए Colour Coded Linen System लागू किया गया है। Central Hospital में Fully AutomatedModular OT की व्यवस्था की गई है।

हमारे यात्रियों तथा ग्राहको की अपेक्षाएं हमसे दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके लिए हमें पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्य को और भी बेहतर करना होगा।साथ ही हमें अपने कार्यों में किसी तरह का शॉर्ट कट न अपनाकर संरक्षा का पूरा ध्यान रखना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करा है। आज के इस समारोह में कुछ चुने हुए रेल कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। मैं आशा करता हूँ कि यह समारोह सभी को और भी अधिक मेहनत, कुशलता तथा समर्पण के साथ कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित करेगा।

आज के अवसर पर मैं यूनियन व एसोशिएशनोंको उनके सकारात्मक सुझावों व सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ। महिला कल्याण संगठन ने हमेशा ही महिला रेलकर्मी, अशक्त बच्चों एवं मरीजों के कल्याण हेतु अपनी सहभागिता निभाई है। मैं उन्हें भी धन्यवाद देता हूँ। साथ ही मीडिया के सदस्यो का भी विशेष धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से हमें अपने कार्यो को और भी बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

महाप्रबंधक के सम्बोधन के पश्चात इस समारोह में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 08 अधिकारी एवं 61 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी रेल मंडलो एवं विभागो को शील्ड वितरण किया गया। इसके तहत उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीनों रेल मंडलों के विभिन्न विभागों के मध्य 52 उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गयीं। साथ ही हर मापदंड पर बेहतर कार्य करने के लिए तीनों मंडलों में से बिलासपुर एवं नागपुर रेल मंडल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया है। पुरस्कार वितरण के पश्चात् मुख्य जन संपर्क अधिकारी श्री साकेत रंजन के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

द्वितीय चरण के लिए प्रथम दिन किसी अभ्यर्थी ने नहीं भरा नामांकन पत्र

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए अब 11 अभ्यर्थी शेष हैं। प्रथम चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना कंगाले ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। द्वितीय चरण अंतर्गत महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिये अभी तक किसी भी अभ्यर्थी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। द्वितीय चरण अंतर्गत 4 अप्रैल 2024 तक अभ्यर्थी नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को होगी और 8 अप्रैल तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।

महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त 1 अप्रैल को ट्रांसफर करेगी सरकार

रायपुर (विश्व परिवार)। महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त पर बड़ा अपडेट सामने आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से घोषणा करते हुए कहा, कि इस बार महतारी वंदन योजना की राशि 1 तारीख को आएगी। बता दें कि राज्य सरकार इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जाते हैं।

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए राज्य में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ में तीज-त्यौहारों और खुशी में महिलाओं को तोहफे, पैसे और नेग देने का रिवाज है।

महतारी वंदन योजना के माध्यम से उसी परंपरा छत्तीसगढ़ शासन निभा रही है। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य में विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह (कुल 12,000 रुपए सालाना) वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी।

पीयूष सिंघई सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुने गए

भाटापारा (विश्व परिवार)। सकल दिगंबर जैन समाज का चुनाव श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर में बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से पुनः पीयूष सिंघई अध्यक्ष, सुधीर एवम विनोद उपाध्यक्ष, पंकज सचिव एवं हिमांशु(राजा) सह सचिव एवम गौरव गदिया कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

समाज के परम संरक्षक सुभाष जैन ने जानकारी देते हुए बताया की उपस्थित सभी समाज के सदस्यों ने वर्तमान कमेटी के पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों की खुले दिल से प्रशंषा की एवम आज भाटापारा दिगंबर जैन समाज जो नई उंचाई को छू रहा है,साधु संतो के आगमन का जो लगातार हमे लाभ मिल रहा है उसमे निश्चित ही इस कमेटी का समर्पण ,त्याग और सेवा भाव अतुलनीय है। सभा के शुभारंभ में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के पश्चात वहा उपस्थित सभी संरक्षक गण अशोक सिंघई, नवीन गदिया, शोभालाल जैन, सुनील छाबड़ा ने अध्यक्ष पद के लिए पीयूष सिंघई का नाम प्रस्तावित किया जिसका वहा उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया तत्पश्चात कमेटी के बाकी सभी सदस्यों को भी सर्वसम्मति से चुना गया। इसके पश्चात कमेटी के सभी सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354